✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✱ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 350 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, बुधवार, 20 मई 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com



सोनपुर में आयोजित सहयोग शिविर में विभिन्न योजना के लाभार्थियों को चेक प्रदान करते सीएम सम्राट चौधरी

# बिहार की बिजली जरूरतों को पूरा करेगी एनटीपीसी की नवीनगर परियोजना

## स्टेज-2 के बनने पर पूर्वी भारत का सबसे बड़ा संयंत्र हो जायेगा नवीनगर प्रोजेक्ट : एल. के. बेहेरा

– कमल किशोर

**औरंगाबाद।** विश्व की बड़ी बिजली उत्पादक कंपनियों में एक एनटीपीसी लिमिटेड की औरंगाबाद जिले में स्थित नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना बिहार की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और आने वाले वर्षों में बिजली की जरूरतों को देखते हुए इस परियोजना का विस्तार भी किया जा रहा है। कंपनी के परियोजना प्रमुख एल के बेहेरा ने आज प्रेस वार्ता में बताया कि नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना वर्तमान में बिहार को करीब 1600 मेगावाट बिजली उपलब्ध करा रही है, जो बिहार की कुल आवश्यकता का 25 प्रतिशत से अधिक है। इसी प्रकार बिहार में तेजी से हो रहे औद्योगिक विकास को देखते हुए और भविष्य की बिजली आवश्यकताओं के आलोक में इस परियोजना का स्टेज-2 के तहत विस्तार किया जा रहा है। इसके तहत यहां आठ-आठ सौ मेगावाट की तीन इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। इन तीनों यूनिटों से उत्पादित होने वाली कुल 2400 मेगावाट बिजली में से 1500 मेगावाट बिजली बिहार को उपलब्ध कराई जाएगी। श्री बेहेरा ने बताया कि स्टेज दो के तहत परियोजना की तीन इकाइयों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इस परियोजना की चौथी इकाई से मार्च 2029 में बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा और इसके छह-छह माह के अंतराल पर दो अन्य इकाइयां भी चालू हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्टेज-2 के निर्माण पर करीब तीस हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। ग़ौरतलब है कि एनटीपीसी की नवीनगर परियोजना के स्टेज-2 का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 30 मई को



किया था। परियोजना प्रमुख ने बताया कि नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना का विस्तार हो जाने के बाद यह पूर्वी भारत का सबसे बड़ा बिजली संयंत्र होगा और यह देश की दूसरी सबसे बड़ी बिजली परियोजना होगी। श्री बेहेरा ने बताया कि स्टेज 2 के निर्माण के दौरान और इसके पूरा होने के बाद 4 से 5 हजार लोगों को रोजगार सुलभ हो रहा है। इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी गई है जबकि शेष तकनीकी और अभियंत्रण से जुड़े बिहार के अलावा अन्य राज्यों के हैं। श्री बेहेरा ने बताया कि स्टेज-दो में एयर कूल्ड कंडेंशर सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा जिससे पानी की खपत अत्यंत कम हो जाएगी। तीनों नई इकाइयां अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित होंगी जहां उच्च तापमान और दबाव के माध्यम से बिजली का उत्पादन किया जाएगा जिससे थर्मल एफिशिएंसी में और वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान इस परियोजना को 800 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था और एनटीपीसी बिहार को सर्वाधिक जीएसटी उपलब्ध कराने वाली करदाता है। परियोजना प्रमुख ने बताया कि झारखंड के विभिन्न कोयला खदानों से परियोजना तक कोयला लाने के भाड़ा मद में रेलवे को 400 करोड़ रुपए प्रति वर्ष से अधिक भुगतान किया जा रहा है। श्री बेहेरा ने बताया कि पिछले वर्ष 12932 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन कर इस परियोजना ने कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने यह भी बताया कि सामाजिक निगमित दायित्व के तहत कंपनी की ओर से ग्रामीण विकास के लिए दर्जनों योजनाओं का कार्यान्वयन कर ग्रामीण जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए भी समुचित प्रयास किया जा रहे हैं। श्री बेहेरा ने बताया कि यह पावर प्लांट अपने सीएसआर, आर एंड आर एवं सीडी के माध्यम से 22 से अधिक गांवों में विकास को गति प्रदान कर रहा है। इस परियोजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं एवं कौशल विकास के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। अपने निरंतर प्रयासों से एनटीपीसी नबीनगर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की एक नई कहानी गढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 2 जून से एनटीपीसी नबीनगर अपने नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन करने जा (शेष पृष्ठ 10 पर)

## मुख्यमंत्री ने किया सहयोग शिविर का शुभारंभ

# नोएडा की तर्ज पर विकसित होगा सोनपुर : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को जिले के सोनपुर प्रखंड अंतर्गत डुमरी बुजुर्ग में आयोजित सहयोग शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सोनपुर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को लेकर कई बड़ी घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा हरिहरनाथ के नाम पर अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित की जाएगी, जो पूरे इलाके की तस्वीर बदल देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि टाउनशिप निर्माण को लेकर कुछ लोगों ने चिंता जताई है कि जमीन अधिग्रहण होने पर



बेटियों की शादी और पारिवारिक जरूरतें कैसे पूरी होंगी। इस पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिन परिवारों को बेटी की शादी या किसी आपदा के कारण आर्थिक जरूरत होगी, वे जिलाधिकारी को आवेदन दें। सरकार ऐसे लोगों के खाते में जमीन का चार गुना मुआवजा पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसी को नुकसान पहुंचाने की नहीं बल्कि सोनपुर-दिघवारा क्षेत्र को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने की है। यहां बड़े स्तर पर कॉमर्शियल जोन विकसित किए जाएंगे ताकि रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिघवारा, नया और पुराना सोनपुर पुल, जेपी सेतु, महात्मा गांधी सेतु और आगामी कच्ची दरगाह-राघोपुर पुल को जोड़ते हुए सोनपुर में गंगा-अंबिका पथ का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि इस क्षेत्र को नोएडा की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले उद्यमी बिहार आने से कतराते थे लेकिन अब बिजली, सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार के बाद निवेश का माहौल बना है। सरकार का लक्ष्य है कि जो लोग रोजगार के लिए बाहर जाते हैं उन्हें बिहार में ही रोजगार और फैक्ट्री से जुड़ी सुविधाएं मिलें। महिला सशक्तीकरण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और करीब 20 हजार करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं। शिक्षा क्षेत्र में सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में 211 डिग्री कॉलेज बनाए जा रहे हैं और जुलाई तक हर क्षेत्र में डिग्री कॉलेज उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। साथ ही सरस्वती विद्या निकेतन की तर्ज पर मॉडल स्कूल विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्कूल बनाए जाएं जहां नेता और अधिकारियों के बच्चे भी पढ़ना चाहें। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने (शेष पृष्ठ 10 पर)

# सनकी पति ने पत्नी और तीन बच्चों को मार डाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिले के पतोर थाना क्षेत्र के चंदनपट्टी में एक सनकी युवक ने घरेलू विवाद में पत्नी सहित तीन बच्चों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित युवक ने स्वयं को भी जख्मी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक बच्चे को गंभीर स्थिति में जिंदा पाया जिसे डीएमसीएच में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के क्रम में उसने भी दम तोड़ दिया। वहीं आरोपित युवक को डीएमसीएच में भर्ती कराया। पुलिस ने महिला सहित चार शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना मंगलवार की सुबह सात बजे की बताई जा रही है। मृत महिला की पहचान पश्चिम बंगाल के दालकोला जिला के कुंडी थाना क्षेत्र के संदीप दास की पत्नी फूल कुमारी दास (30), उनके पुत्र हृदय दास (7) और संध्या दास (6) और सोन दास(5) के तौर पर हुई है। बताया जाता है आरोपित संदीप अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ चंदनपट्टी स्थित एक मुर्गा फार्म में मजदूरी करता है। मृत बच्चों के मामा मंगू दास ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पति में अहले-सुबह विवाद हुआ। इसके बाद डंडा, रॉड आदि से पीट-पीटकर पत्नी और तीनों बच्चों को अधमरा कर दिया। इसमें पत्नी और दो बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे बच्चे की डीएमसीएच में मौत हो गई।

# युवक की गोली मारकर हत्या

**दाउदनगर( औरंगाबाद) /नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भुइयां बिगहा के समीप मंगलवार की संध्या बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान केसरारी गांव निवासी कुंदन यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंदन यादव किसी कार्य से कहीं जा रहे थे तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अपराधियों की पहचान में जुटी है। हत्या की इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।




# वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना





## योजना की मुख्य विशेषताएँ

**पूर्ण ट्यूशन शुल्क छात्रवृत्ति**
सरकार हॉस्टल, मेस एवं अन्य शुल्कों को छोड़कर प्रति वर्ष अधिकतम ₹10 लाख तक की पूरी ट्यूशन फीस का भुगतान करती है।

**मासिक जीवनयापन भत्ता**
अपने पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान रहने के खर्च, अध्ययन सामग्री और अन्य दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर महीने ₹4,000 प्राप्त करें।

**लाभार्थियों की कोई सीमा नहीं है**
सभी पात्र छात्रों को लाभ मिलता है; लाभार्थियों की संख्या पर कोई सीमा नहीं है।

**प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT)**
ट्यूशन शुल्क सीधे शैक्षणिक संस्थान को दिया जाता है; जीवनयापन भत्ता छात्र के बैंक खाते में स्थानांतरित किया जाता है।

## पात्रता मानदंड

- **अनाथ छात्रों के लिए**
  किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अनुसार परिभाषित; 10 वर्ष की आयु से पहले दोनों माता-पिता का निधन हो चुका हो
- **दिव्यांग छात्रों के लिए**
  दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांगता होनी अनिवार्य है। मान्य दिव्यांगता (UDID) कार्ड अनिवार्य है
- **आयु सीमा**
  आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए
- **एक योजना लाभ**
  किसी अन्य समान स्तर की छात्रवृत्ति या ट्यूशन शुल्क छूट योजना का वर्तमान लाभार्थी नहीं होना चाहिए
- **निवास संबंधी आवश्यकताएँ**
  झारखंड का स्थानीय निवासी हो या झारखंड के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में डिग्री एवं उससे ऊपर के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं अथवा डिप्लोमा के लिए कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की हो
- **संस्थान संबंधी आवश्यकताएँ**
  झारखंड के भीतर स्थित किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान में नामांकित हो, या समग्र श्रेणी में 200 रैंक के भीतर हो अथवा व्यक्तिगत श्रेणी में 100 रैंक के भीतर हो, या NAAC द्वारा A या उससे उच्च ग्रेड प्राप्त संस्थान, या राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, या NIFT, NID, या होटल प्रबंधन, केन्द्रीय प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषण संस्थान में अध्ययनरत हो

## आवेदन कैसे करें

**चरण 1: ऑनलाइन आवेदन**
निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करें

**चरण 2: आवेदन का सत्यापन**
**आवेदन का सत्यापन निम्नलिखित स्तरों के अनुसार किया जाएगा**

**स्तर 1:** उच्च शिक्षा संस्थान: कक्षा 10वीं, 12वीं, पाठ्यक्रम विवरण, शुल्क विवरण, तथा संस्थान के बैंक विवरण जैसी मूल जानकारी का सत्यापन

**स्तर 2:** आवेदक की श्रेणी का सत्यापन: जिला विकास परियोजना अधिकारी द्वारा (आमों के लिए) तथा सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा द्वारा (PwBDs के लिए)

**स्तर 3:** जिला समाजिक कल्याण अधिकारी द्वारा सत्यापन

**स्तर 4:** JSHEC द्वारा अंतिम स्वीकृति के पश्चात भुगतान

**चरण 3: वार्षिक नवीनीकरण**
योजना के लाभ प्राप्त करने जारी रखने हेतु बीते वर्ष की अंकसूची तथा प्रवेश/अगली कक्षा में प्रवेश का प्रमाण अपलोड कर छात्रवृत्ति का नवीनीकरण करें

**प्रश्न एवं शिकायतें**
सभी आवेदकों के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत निवारण हेतु उपलब्ध है।

**संपर्क जानकारी**
**ईमेल:** nepdhte.jharkhand@gmail.com
**पता:** टोली भवन, नेपाल हाउस मध्य, नेपाल हाउस, दोरंडा रोड, झारखंड - 834002

**अभी आवेदन करें**

PR-380246(Higher Education,Technical Education and Skill Development Department)26-27

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार



बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

## पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

# पशुओं की बेहतर सेहत—पशुपालकों की खुशहाली

बिहार के समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना की आधुनिक प्रयोगशालाओं में आपके पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच हेतु निम्नलिखित सुविधाएँ नियमित रूप से नि :शुल्क उपलब्ध हैं–

उपलब्ध नि :शुल्क जाँच सुविधाएँ :

| जाँच का प्रकार | प्रमुख परीक्षण |
|---|---|
| खून की जाँच | ब्लड प्रोटोजोआ, T.C., D.C., ESR, हीमोग्लोबिन |
| संक्रामक रोग | जोन्स डिजीज, T.B., ब्रुसेलोसिस, ग्लैंडर्स टेस्ट |
| दूध एवं मूत्र | मिल्क कल्चर सेंसिटिविटी, यूरिन रूटीन एवं यूरिन कल्चर |
| पोल्ट्री (मुर्गी पालन) | P.M., पैरासिटोलॉजिकल, पैथोलॉजिकल बैक्टीरियोलॉजिकल एवं जल जाँच |
| अन्य महत्वपूर्ण जाँच | गोबर (Fecal) जाँच, स्किन स्क्रेपिंग, लिम्फ नोड बायोप्सी<br>पशु आहार टेस्ट (सशुल्क) |

अपने बीमार पशुओं के सटीक उपचार और बेहतर उत्पादन के लिए आज ही संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाएं। नि:शुल्क जाँच हेतु सैंपल के साथ पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना से संपर्क करें।





स्थान : पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के समीप, पटना।

PR No.- 003301 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD

# बिहार कृषि ऐप और फार्मर रजिस्ट्री से कृषि क्षेत्र में आएगी नई क्रांति

## बिहार में खेती बनेगी हाईटेक, हर किसान को मिलेगी डिजिटल पहचान और सीधा लाभः विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित कृषि पर क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को साकार करने हेतु वर्ष 2008 से कृषि रोड मैप बनाकर योजनाबद्ध तरीके से किसानों एवं कृषि क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में चतुर्थ कृषि रोड मैप (2023-28) का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्य रूप से धान, गेहूं, मक्का, दलहन एवं तिलहनी फसलों की खेती की जाती है तथा पिछले वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बीज अनुदान दरों में वृद्धि, दलहन एवं तिलहन फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार दलहन एवं तिलहन में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए पूरी तरह कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 की तुलना में राज्य में खाद्यान्न उत्पादन में तीन गुना से अधिक वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार में रिकॉर्ड 247.83 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ जबकि नवंबर माह में आए मोथा तूफान एवं मार्च माह में असामयिक वर्षा के कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 में तृतीय पूर्वानुमान के अनुसार कुल खाद्यान्न उत्पादन 226.71 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। श्री सिन्हा ने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप एवं राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत कृषक कल्याण एवं कृषि विकास के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग हेतु 3446.45 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एग्री-स्टैक के सभी अवयवों को पूरी तरह लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल सरकार और किसानों के बीच पारदर्शी एवं प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री के रूप में वर्षों से लंबित म्यूटेशन एवं परिमार्जन कार्यों को पोर्टल आधारित प्रणाली से गति दी गई जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप फार्मर रजिस्ट्री अभियान को ऐतिहासिक सफलता मिली है। राज्य में अब तक 88.40 लाख किसानों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है तथा 48.45 लाख से अधिक किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया है। राज्य सरकार ने 12 मई से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाकर सभी किसानों का फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कृषि मंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रांति किसानों के जीवन में पारदर्शिता एवं समृद्धि का नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने बताया कि पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर कृषि डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए युवा किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा प्रशिक्षित युवाओं को 'बिहारी डिजिटल कृषि योद्धा' के रूप में पहचान दी जाएगी।

# 32 देशों के सर्वोच्च सम्मान मिलने पर डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के 32 देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह सम्मान केवल नरेंद्र मोदी का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के गौरव, सम्मान और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत कूटनीति तथा विश्व शांति, मानवता और विकास के प्रति समर्पित प्रयासों के कारण आज भारत का सम्मान पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भारतीय संस्कृति और विचारधारा को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। विभिन्न देशों द्वारा दिया गया सर्वोच्च नागरिक सम्मान इस बात का प्रमाण है कि भारत विश्व नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और सामरिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज विश्व समुदाय भारत को एक मजबूत, विश्वसनीय और निर्णायक राष्ट्र के रूप में देख रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और खुशी का विषय है। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहेगा।

# लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार राज्य लोहार समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर लोहार जाति को बिहार सरकार की जातियों की अनुसूची में पुनः अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल करने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। बैठक में विधानसभा सदस्य सतीश कुमार सिंह यादव द्वारा बजट सत्र में पूछे गए संबंधित प्रश्न और सरकार की ओर से दिए गए जवाब पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. प्रेम कुमार को लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के समर्थन में विभिन्न दस्तावेज उपलब्ध कराए और इस दिशा में सहयोग की मांग की। बैठक में बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के 21 फरवरी 2022 के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाकर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया था। समिति के सदस्यों ने कहा कि लोहार जाति को पुनः अनुसूचित जनजाति का दर्ज़ा दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस पर भारतीय संसद में विधेयक के माध्यम से ही आवश्यक पहल संभव है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के आधार पर वह इस विषय में भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समिति द्वारा लोहार जाति को कमार जाति से अलग स्वतंत्र जाति के रूप में अधिसूचित करने की मांग को लेकर राज्य सरकार से भी पत्राचार किया जाएगा। बैठक में बिहार राज्य लोहार समन्वय समिति के संरक्षक राधाकांत ठाकुर, भीम विश्वकर्मा, मनोज कुमार शर्मा और शिवशंकर ठाकुर सहित विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव और अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पंद्रह सौ से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नेस्ले इंडिया ने बिहार स्वास्थ्य विभाग तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से राज्य में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार किया है। परियोजना के तहत एनएएसवीआई पटना, गया, नालंदा, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों में 1,500 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे प्रशिक्षित विक्रेताओं की कुल संख्या 10,000 से अधिक हो जाएगी। सर्व सेफ फूड परियोजना के माध्यम से अब तक 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 92,800 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को लाभ मिला है। इस पहल के तहत विक्रेताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, वेस्ट डिस्पोजल तथा एंटरप्रेन्योरशिप से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विक्रेताओं को खाद्य प्रबंधन प्रक्रियाओं में सुधार हेतु आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी ने कहा, बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। औद्योगिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है। इससे राज्य में लोगों की संख्या और आवाजाही बढ़ेगी, जिन्हें बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने का अवसर मिलेगा। नेस्ले इंडिया में सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक पहलों के प्रमुख कुँवर हिममत सिंह ने कहा, नेस्ले इंडिया में हम पूरे देश में खाद्य सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं, जो केवल हमारे उत्पादों तक सीमित नहीं है। 'सर्व सेफ फूड' परियोजना के माध्यम से हम स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उनके कौशल और जागरूकता को मजबूत कर रहे हैं।

# अब वीडियो कॉल से होगी आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए एक नया निर्देश जारी किया है। अब सभी लेडी सुपरवाइजर (महिला पर्यवेक्षक) को आंगनबाड़ी केंद्रों पर खुद जाकर वीडियो कॉल के माध्यम से अपनी हाजिरी दर्ज करानी होगी। इस व्यवस्था की शुरुआत पूर्णिया जिले से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगले माह से इसे पूरे राज्य में सख्ती से लागू किया जाएगा। विभाग ने सभी डिस्टिक प्रोग्राम मैनेजर को निर्देश दिया है कि वे इस नई व्यवस्था को हर हाल में लागू कराएं। इसका मुख्य उद्देश्य केंद्रों पर नियमित उपस्थिति, पोषाहार वितरण, बच्चों की देखभाल और अन्य गतिविधियों की बेहतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना है।

# नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव 26 मई से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की नई तिथि जारी कर दी है। अब यह चुनाव 26 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच कराया जाएगा। इस संबंध में विभाग के अपर सचिव मनोज कुमार ने सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1187 दिनांक 2 अप्रैल 2026 के आलोक में पहले 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक निर्वाचन कराने का निर्देश दिया गया था। विभागीय पत्रांक 1188 दिनांक 3 अप्रैल 2026, पत्रांक 1276 दिनांक 11 अप्रैल 2026 और पत्रांक 1297 दिनांक 15 अप्रैल 2026 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अपरिहार्य कारणों से सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया था। हालांकि जिन नगर निकायों में 15 अप्रैल को ही निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, वहां वैधानिक रूप से निर्वाचित समितियों को कार्य करने की अनुमति दी गई थी। अब राज्य सरकार ने स्थगित निर्वाचन प्रक्रिया को पूरा कराने का निर्णय लिया है। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने जिलों के सभी नगर निकायों में निर्धारित अवधि के भीतर निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराएं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देश यथावत प्रभावी रहेंगे और उसी के अनुसार निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा।

# विकसित भारत 2047के सपने को साकार करेंगे वॉलेंटियर : डॉ. उषा विद्यार्थी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** महिला कॉलेज खगौल के सभागार में वॉलेंट्रीयरशिप उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्या डॉ. उषा विद्यार्थी ने अपने सम्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति में वॉलेंट्रीयरशिप एवं इंटर्नशिप को अनिवार्य कर बहुत ही सराहनीय प्रयास हुआ है। वॉलेंट्रीयरशिप में छात्राएं सामाजिक सरोकार से जुड़ेंगी। स्वच्छता ही सेवा है के संदेश के साथ स्वयंसेवक अपने-अपने गांव में स्वच्छता अभियान चलायेंगे। मुख्य रूप से गांव के स्कूल एवं मंदिर में सफाई करेंगे। साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि छात्राएं फाउंडेशन के साथ जुड़कर वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे हैं। हेल्थ एंड वेलनेश, स्पोर्ट्स, सोशल सर्विस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वॉलेंटीयर विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अमर शहीदों के प्रतिमा का भी साफ सफाई करेंगे साथ ही गंगा की सफाई करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। युवा शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है। महात्मा गांधी ने जो सपना देखा था उसे नई शिक्षा नीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं अब विद्यार्थियों को क्लास रूम से बाहर नदी, पहाड़, तलाब, खेत खलिहान का भ्रमण कराया जायेगा। फाउंडेशन में किसी भी धर्म, भाषा और क्षेत्र, रंग के युवा शामिल हो सकते हैं। मौके पर प्रो. वीणा समेत दर्जनों कॉलेज के प्राध्यापक मौजूद रहे।

# चोरी की घटनाओं के उद्‌भेदन में लगी डॉग स्क्वायड की टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सखवां गांव में रविवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाशों ने उदय तिवारी के घर को निशाना बनाते हुए 15 हजार रुपये नकद और लगभग 7 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए।

# दरभंगा की शीशो पूर्वी पंचायत में 'सहयोग शिविर' में शामिल हुए संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार द्वारा आयोजित 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम के तहत दरभंगा सदर प्रखंड के शीशो पूर्वी पंचायत भवन परिसर में आयोजित सहयोग शिविर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया तथा विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार सरकार का उद्देश्य शासन को गांव-गांव तक पहुंचाना और आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि 'सहयोग कार्यक्रम' जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है जिसके माध्यम से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार जनहित और विकास को प्राथमिकता देते हुए काम कर रही है। गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह एवं संवेदनशील बनाया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता से जुड़े मामलों में तत्परता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखें तथा किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को परेशानी न होने दें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार जनकल्याण और विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आज गांवों तक पहुंच रहा है जिससे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें राजस्व, पेंशन, आवास, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य स्थानीय समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। उन्होंने इस शिविर के निर्णय की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से इस शिविर का उचित निर्णय लिया गया है। बिहार के हित और जनता के लिए पंचायतों में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे जो भी शिकायते आएंगी उसका 30 दिनों के अंदर निस्तारण किया जाएगा। अगर शिकायतों का निस्तारण अधिकारी नहीं करेंगे तो उनको निलंबित कर दिया जाएगा।

# मछली पालकों को सौगात, छह हजार वाहनों का वितरण

## राज्य के सभी नगर निगम क्षेत्रों में जल्द ही सुधा की तर्ज पर बनेगा 'फ्रेश कैच' कियोस्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मछली पालकों के बीच पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6,449 वाहनों का वितरण किया गया है। माना जा रहा है कि इससे न सिर्फ मछली पालकों की आय बढ़ेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी ताजी मछलियां मिलेंगी। मछली पालकों के बीच वाहन वितरण से मछली पालन के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गति मिलेगी। व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मछली बाजार और कियोस्क बनाने पर भी काम चल रहा है। मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के चिह्नित 12 प्रखंडों एवं 31 पंचायतों में मछली बाजार का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, पटना सहित सभी नगर निगम क्षेत्रों में 'सुधा' की तर्ज पर 'फ्रेश कैच' कियोस्क बनाने पर काम चल रहा है। जल्द ही राज्य के लोगों को 'सुधा मिल्क' की तरह 'फ्रेश कैच' से मछलियां मिलने लगेंगी। मछली उत्पादन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अब तक 68,890 मछली पालकों को राज्य के भीतर एवं बाहर स्थित मत्स्य संस्थानों में निःशुल्क आधुनिक प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें 51305 मछली पालकों को राज्य के भीतर तथा 17,585 मछली पालकों को राज्य के बाहर के संस्थानों में प्रशिक्षित किया गया है। वहीं भ्रमण-दर्शन कार्यक्रम के तहत अब तक 47,279 से अधिक मछली पालकों को राज्य में विकसित आर्द्रभूमि एवं बायोफ्लॉक इकाइयों की निर्माण प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए निःशुल्क भ्रमण कराया गया है।

# तेल खत्म मतलब खेल खत्म-ऊर्जा संरक्षण ही राष्ट्र निर्माण का आधार : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संचालक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा ने वर्तमान में उत्पन्न ऊर्जा संकट एवं बढ़ती ईंधन खपत को लेकर आमजनों, छात्रों एवं कर्मचारियों से ऊर्जा संरक्षण की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया ऊर्जा संकट की चुनौती का सामना कर रही है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पेट्रोल, डीजल एवं अन्य ईंधनों का कम से कम उपयोग करे तथा ऊर्जा बचाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए। उन्होंने कहा, 'तेल खत्म मतलब खेल खत्म', इसलिए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए अभी से जागरूक होना आवश्यक है। डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी छात्रों, शिक्षकों, स्टाफ एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाकर न केवल पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकता है, बल्कि देश को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास पहले से पेट्रोल चालित कार एवं बाइक उपलब्ध थी, लेकिन संभावित ऊर्जा संकट एवं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए उन्होंने स्वयं दो इलेक्ट्रिक स्कूटर एवं एक इलेक्ट्रिक कार खरीदी है, ताकि लोग प्रेरित हो सकें और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि बदलाव की शुरुआत स्वयं से करनी चाहिए और समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना आवश्यक है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मिलकर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मी/आश्रित ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# गंगा तट पर स्थित बिहार के सभी मठ-मंदिरों में अब प्रतिदिन होगी गंगा आरती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में गंगा तट पर स्थित बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के संबद्ध सभी मठ-मंदिरों में अब प्रतिदिन गंगा आरती होगी। गंगा आरती भव्य तरीके से सनातन परंपरा के अनुरूप होगी। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन के आदेश से इस आशय का पत्र सभी मठ-मंदिरों के महंत, न्यासधारी और न्यास समिति के सदस्यों व प्रबंधकों को भेजा जा रहा है। प्रो. रणवीर नंदन ने बताया कि भव्य गंगा आरती की शुरुआत मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा 25 मई सोमवार से होगी। खासतौर से पटना, बक्सर, आरा, छपरा, फतुहा, बख्तियारपुर, मुंगेर, भागलपुर, वैशाली समेत राज्य में जहां-जहां से गंगा नदी गुजरती है, उस क्षेत्र में तट के निकटवर्ती पर्षद से संबद्ध सभी मठ-मंदिरों को गंगा आरती की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया है। पर्षद अध्यक्ष ने कहा कि इससे भक्ति और लोगों की सनातन धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। साथ ही इस आयोजन के माध्यम से अविरल गंगा, स्वच्छ गंगा, स्वस्थ गंगा और स्वस्थ बिहार का संदेश भी दिया जाएगा। गंगा की स्वच्छता के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाएगा और गंगा की अविरलता व पवित्रता बनी रहे, इसके लिए मठ-मंदिरों की ओर से लगातार अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पत्र भेजने के साथ मठ-मंदिरों के महंतों, प्रबंधकों व न्यासधारियों से अपील की जाएगी। ताकि यह अभियान व्यापक व असरदार हो। भागलपुर जिला के अजगैबी नाथ मंदिर सुलतानगंज, श्री बुढ़ानाथ मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर गोलाघाट, श्री बटेश्वर स्थान कहलगांव, श्री रामजानकी त्रिमुहान कहलगांव। मुंगेर जिला के श्री जगरनाथ मंदिर कष्टहरणी घाट मुंगेर, श्री राम मंदिर कष्टहरणी घाट, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर कष्टहरणी घाट, श्री रामजानकी मंदिर सोझी घाट, श्री रामाजनकी मंदिर बेलवाघाट। बक्सर जिला के श्री विश्वामित्र आश्रम बड़ी मठिया रामरेखा घाट, श्री रामेश्वरनाथ महादेव मंदिर रामरेखा घाट, श्री चरित्रवन मंदिर बक्सर। पटना के मंदिर श्री काली स्थान, सती स्थान एवं श्री शंकर जी स्थान बांसघाट पटना, श्री विष्णु भगवान मंदिर सुमति पथ रानी घाट महेन्द्रु पटना, श्री भगवती सीता मंदिर सीता घाट बख्शी मोहल्ला पटना, श्री जल गोविन्द स्थान कछुआरा पटना, श्री मौनी बाबा का आश्रम गाढ़ोचक कृपाल टोला फतुहा, श्री रामजानकी ठाकुरबाड़ी ग्राम-कटैया स्थान फतुहा, श्री गंगा मंदिर रिकाबगंज मालसलामी पटना सिटी।

# प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने सहयोग शिविर में लिया भाग

## आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन का मंत्री ने दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री सह रोहतास जिला प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने मंगलवार को रोहतास जिले में आयोजित 'सहयोग शिविर' में भाग लेकर विभिन्न पंचायतों में आमजनों की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नासरीगंज, नोखा, संझौली एवं सासाराम प्रखंड के पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के तहत आज रोहतास जिले के 18 पंचायतों में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान, सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। मंत्री ने कहा कि 'सहयोग शिविर' वास्तव में सरकार के जनता के द्वार तक पहुंचने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि 'सरकार पंचायतों में पहुंचकर लोगों के आवेदन प्राप्त कर रही है और उनका निष्पादन सुनिश्चित कर रही है।' उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, जन वितरण प्रणाली, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, भूमि विवाद, पेंशन, आवास तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अब तक कुल 2103 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 1471 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर कर लिया जाएगा। मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी आवेदन का निष्पादन 30 दिनों के भीतर नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और लापरवाही बरतने पर 30 दिन के अंदर स्वयं नप जायेंगे। मंत्री ने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता बरती जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में जिले के अधिकारियों के साथ प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की जाएगी, ताकि व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाया जा सके। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, चार दोस्त न्यायिक हिरासत में

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस हर पहलू से कर रही जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** अमझोर थाना क्षेत्र के चूरेसर गांव निवासी 17 वर्षीय युवक रेहान खान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मंगलवार को पुलिस ने डिहरी के कमरनगंज स्थित सोन नदी से युवक का शव बरामद किया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने गांव के ही चार युवकों पर हत्या कर शव को नदी में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चूरेसर गांव निवासी इंताब खान का पुत्र रेहान खान 17 मई को गांव के ही चार दोस्तों के साथ घर से निकला था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद पता चला कि रेहान गांव के ही चार युवकों के साथ गया था जब परिजनों ने उन युवकों से पूछताछ की तो सभी अलग-अलग और भ्रामक बातें बताने लगे। किसी ने भी स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया कि रेहान इंद्रपुरी स्थित सोन नदी में डूब गया है। युवकों के व्यवहार से परिजनों को शक हुआ जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। अमझोर थाना पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे लोग इंद्रपुरी सोन बराज के पास नहा रहे थे, उसी दौरान रेहान नदी में डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खोज अभियान शुरू किया। इसी बीच मंगलवार को सूचना मिली कि डिहरी के कमरनगंज स्थित सोन नदी में एक युवक का शव पानी में तैर रहा है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान रेहान खान के रूप में की। शव मिलने के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेहान के साथ मौजूद युवकों ने न तो समय पर परिजनों को सूचना दी और न ही किसी प्रकार का शोर मचाकर मदद बुलाने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, मृतक का मोबाइल और कपड़े भी पानी में फेंक दिए गए जिससे साक्ष्य मिटाने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर चूरेसर निवासी तौसीर खान, मिन्साद खान, औरंगजेब खान एवं बिट्टू खान के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि तौसीर और मिन्साद मृतक के चचेरे भाई हैं। सभी आरोपितों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस हर बिंदु पर गहन जांच कर रही है।

# बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मेहतर जाति को प्रतिनिधित्व देने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं डॉ. अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त पत्रकार मोहन राम ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के गठन में मेहतर जाति (भंगी समाज) को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वह अनुसूचित जातियों के सबसे निचले पायदान से आने वाले मेहतर समाज से हैं और पिछले लगभग 40 वर्षों से पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के कठिन दौर में भी वह चट्टान की तरह कांग्रेस के साथ खड़े रहे, बावजूद इसके उन्हें प्रदेश स्तर पर अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। मोहन राम ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंदन वागची की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में उन्हें प्रदेश प्रतिनिधि बनाकर मेहतर समाज की गरिमा बढ़ाने का कार्य किया गया था। मोहन राम ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा राजेश राम को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की जिम्मेदारी सौंपना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम संगठन हित में राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों का बेहतर तरीके से पालन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा समाज के अंतिम पायदान से आने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित भागीदारी देने की नीति के तहत बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के गठन में मेहतर समाज को भी उनकी योग्यता एवं योगदान के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिलेगा। मोहन राम ने कहा कि यदि मेहतर समाज को संगठन में सम्मानजनक भागीदारी दी जाती है तो इससे बिहार के भंगी समाज को कांग्रेस की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती भी प्राप्त होगी।

# अकोढ़ीगोला की दो पंचायतों में सहयोग शिविर, अधिकांश आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अकोढ़ीगोला प्रखंड क्षेत्र के मुडियार एवं बिशेनीकला पंचायतों में प्रशासन द्वारा सहयोग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया। दोनों पंचायतों में आयोजित शिविरों में प्राप्त अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया जिससे ग्रामीणों में संतोष और उत्साह देखा गया।

मुडियार पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह, उदीता सिंह, रौशन कुमार, एसडीएम निलेश कुमार, बीडीओ रविरंजन, सीओ निधि ज्योत्सना, मुखिया वीरेंद्र कुमार उर्फ बबलू तिवारी तथा सरपंच उदय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान की दिशा में कार्रवाई की। शिविर में कुल 128 आवेदन प्राप्त हुए जिनका ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि सहयोग स्वीट सरकार की अच्छी पहल है सबका सम्मान जीवन आसान के तहत हर घर कठिनाइयों को दूर करेंगे। सभी क्षेत्र के विकास के काम का सराहनीय पहल है। उन्होंने जनता से अपील किया कि आप लोग भी जागरूक होकर अपनी समस्या को ऑनलाइन करें 30 दिनों के अंदर समस्या का निवारण करना है। जिलाधिकारी उदीता सिंह ने सहयोग शिविर की उपयोगिता बताते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान उनके पंचायत स्तर पर ही हो, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। वहीं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी विवाद या मारपीट के मामलों में अक्सर निर्दोष लोगों को भी नामजद कर दिया जाता है जिससे वास्तविक दोषी कार्रवाई से बच निकलते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि केवल वास्तविक दोषियों को ही अभियुक्त बनाएं, ताकि पुलिस निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई कर सके। इधर बिशेनीकला पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन एसडीएम निलेश कुमार, बीडीओ रविरंजन, सीओ निधि ज्योत्सना, मुखिया प्रेमा देवी तथा सरपंच नीलम पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यहां कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से लगभग 94 प्रतिशत मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। दोनों पंचायतों में आयोजित शिविरों के दौरान राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद, पेंशन, राशन कार्ड एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मामलों का समाधान किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है।

# गर्भवती महिला से मारपीट का आरोप, महिला सब इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** भभुआ थाना में कार्यरत महिला सब इंस्पेक्टर चंद्रप्रभा पर एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के अंबेडकर नगर वार्ड संख्या 14 के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सदर थाना पहुंचकर संबंधित महिला पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि महिला सब इंस्पेक्टर चंद्रप्रभा अपने पुलिस बल के साथ तूफानी राम के घर उनके पुत्र सूरज राम की गिरफ्तारी के लिए पहुंची थीं। आरोप है कि सूरज राम के नहीं मिलने पर पुलिस टीम ने पड़ोसी भोला राम की गर्भवती पत्नी गुड़िया देवी के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट की। मामले को लेकर बहुजन समाज पार्टी के बिहार प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी एवं पूर्व सासाराम लोकसभा प्रत्याशी संतोष कुमार ने कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला सब इंस्पेक्टर ने जानबूझकर गर्भवती महिला के साथ मारपीट की है। साथ ही कहा कि उनके कार्यकाल में इस तरह की घटनाएं पहले भी चर्चा का विषय रही है। संतोष कुमार ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो बहुजन समाज पार्टी व्यापक आंदोलन करेगी।

# तिलौथू की चन्दनपुरा पंचायत से सहयोग शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** बिहार के आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं उसको धरातल पर उतारने हेतु 19 मई से बिहार के सभी जिलों में सहयोग शिविर की शुरुआत की गई। इसी कड़ी में सहयोग शिविर की शुरुआत मंगलवार को तिलौथू प्रखंड में चन्दनपुरा पंचायत से की गई। यह शिविर का आयोजन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मो. जफर हसन की अध्यक्षता में की गईं जिसमें पंचायत के मुखिया, सरपंच, पैक्स अध्यक्ष, थानाध्यक्ष तिलौथू तथा सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शिविर में मौके पर 14 को राशन कार्ड, 14 को सामाजिक पेंशन, दो को शौचालय एवं चार लाभुकों को बंदोबस्ती पर्चा का वितरण**

शिविर का उद्घाटन जनप्रतिनिधिगण एवं सभी वरीय पदाधिकारीगण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। सहयोग शिविर से पूर्व 101 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 72 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। तीन आवेदन अस्वीकृत किया गया तथा 26 आवेदन प्रक्रियाधीन है। सहयोग शिविर में इसकी विस्तृत जानकारी ग्रामीण जनता को दी गई। साथ ही 14 लाभुकों को राशन कार्ड, 14 लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 2 लाभुकों को शौचालय तथा 4 लाभुकों को बंदोबस्ती का पर्चा दिया गया तथा ग्रामीण जनता द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव भी दिए गए। सहयोग शिविर में स्वास्थ्य जांच कैंप का भी आयोजन किया गया। शिविर के अध्यक्ष जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रोहतास के द्वारा पंचायत सरकार भवन परिसर में वृक्षारोपण का भी कार्य किया गया। सहयोग शिविर में अलग विभाग जैसे समाज कल्याण विभाग से 1 आवेदन, लोहिया स्वच्छ अभियान से 1, राजस्व विभाग से 8, विद्युत विभाग से 1, मनरेगा से 5, सांख्यिकी विभाग से 11, लोक स्वा. अभी. विभाग से 1 एवं पीएम आवास योजना से 1 आवेदन प्राप्त हुए। अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण जानता को बिहार गीत गायन के साथ सहयोग शिविर के समापन का घोषणा किया गया।

# उगहनी पंचायत सरकार भवन में 'सहयोग शिविर' आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'सबका सम्मान-जीवन आसान' संकल्प के अंतर्गत आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोहतास जिले की चेनारी प्रखंड अंतर्गत उगहनी पंचायत में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका, अंचल अधिकारी पूजा शर्मा, बीपीआरओ ओमप्रकाश आदि अधिकारी सहित सभी विभाग के कर्मी भाग लिये।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/ 25/21 (सूचना)/758, दिनांक 18.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3625, कार्य का नाम** : हावड़ा मंडल के तहत हावड़ा, डानकुनी, तारकेश्वर और सांईथिया में पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 2,41,49,612/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 4,83,000/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3626, कार्य का नाम** : हावड़ा मंडल के तहत अंबिका कालना, नबद्वीपधाम, कटवा, आजिमगंज और खागड़ाघाट रोड पर एफओबी से जुड़ने वाले पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 3,80,95,513/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 7,61,900/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 3, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3346-एस5, कार्य का नाम** : कोलकाता के फेयरली प्लेस, मुख्यालय के जीएम ब्लॉक में मौजूद जीएम पैसेंजर लिफ्ट (प्रस्तुतकारक- थिसेनक्रुप) का 60 महीने के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य :** रु. 7,77,172/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 15,600/-, **पूर्णता अवधिः** 60 माह। **क्रम सं. 4, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3542-आर, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट संख्या 18 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 5, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3592-आर, कार्य का नाम** : "एईएन/आजिमगंज के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट संख्या 24ए(टी) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 6, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3606, कार्य का नाम** : वॉशिंग / सिक लाइनों में एलएचबी कोचों के रखरखाव के लिए लिलुआ सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में मौजूदा 750 वोल्ट एक्सटर्नल पावर सप्लाई व्यवस्था के उन्नयन साथ संबंधित विद्युत विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 1,41,40,135/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 2,82,800/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 7, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3538-आर, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट संख्या 17/ए/6 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/- **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 8, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3622, कार्य का नाम** : टिकियापाड़ा कोचिंग यार्ड और सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में पिट लाइटों और यार्ड लाइटिंग व्यवस्था का उन्नयन, साथ ही संबंधित वायरिंग और केबलिंग का कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,74,91,138/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 3,49,800/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 9, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3567, कार्य का नाम** : "एईएन/कटवा के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट संख्या 17/सी/ई के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 10, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3583, कार्य का नाम** : एसएसई/जी/बैण्डेल के अधिकार क्षेत्र में इलेक्ट्रिकल सबस्टेशनों, स्विच रूमों का संबंधित एचटी/एलटी स्विच गियर पैनल, केबल, ट्रांसफॉर्मर, अर्थिंग और अन्य सुरक्षा वस्तुओं के साथ विस्तार और सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 1,29,53,874/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 2,59,100/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 11, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3624, कार्य का नाम** : "टीआईटी स्टेशन पर ईआई में पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशनों के प्रतिस्थापन" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 41,71,151/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 83,400/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 12, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3573, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट संख्या 18/02 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 13, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3572, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट संख्या 12ए के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/- **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 14, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3587, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट संख्या 12ए/3 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 08.06.2026 को 15.00 बजे क्रम सं. 1 से 14 के लिए। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-82/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शंकर अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए निःशुल्क शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर स्थित शंकर हॉस्पिटल में मंगलवार को हृदय रोगियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिल्ली के मैक्स अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कार्तिक जायसवाल ने हृदय रोग से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों की इको स्कैनिंग, ईसीजी सहित अन्य जरूरी जांचें भी की गईं। डॉ. कार्तिक जायसवाल ने मरीजों को हृदयाघात से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि शुगर एवं बीपी से पीड़ित लोगों में हृदय रोग होने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने बताया कि पैदल चलने या सीढ़ी चढ़ने में सांस फूलना, छाती में भारीपन महसूस होना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श और आवश्यक खून जांच करानी चाहिए जिससे समय रहते मरीज को बचाया जा सकता है। वहीं शंकर हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ. जयप्रकाश सिंह ने कहा कि हाल के दिनों में युवाओं में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे बचाव के लिए युवाओं को सिगरेट, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए। साथ ही पर्याप्त नींद और संतुलित खान-पान पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, ताकि शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान बना रहे। शिविर में डॉ. अतुल कुमार, महाप्रबंधक राघवेंद्र सिंह उर्फ विशु सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 'सरकार आपके द्वार' की अवधारणा को साकार कर रहा सहयोग शिविर : बीडीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के पतपुरा पंचायत स्थित ओझवलिया पंचायत भवन में आयोजित जन सहयोग शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर का उद्घाटन वरीय उप समाहर्ता विनय प्रताप, बीडीओ अजीत कुमार, एमओ खुशबू कुमारी, आरओ तौकीर अहमद, मुखिया कलावती देवी एवं सरोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता विनय प्रताप ने आमजनों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। जन सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं ने भाग लिया। लोगों ने भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनसमस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन का आश्वासन दिया। बीडीओ अजीत कुमार ने कहा कि बिहार सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए गांव-गांव तक प्रशासनिक पहुंच सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर केवल योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# टिकारी प्रखंड में सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में शुक्रवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना व सरकारी योजना का लाभ उपलब्ध कराना था। मंगलवार को प्रखण्ड के चैता व भोरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। भोरी में कुल 95 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 78 आवेदन पूर्व में ही प्राप्त हुए थे वहीं चैता पंचायत में 125 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से पूर्व में 100 आवेदन प्राप्त हुए थे।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 32-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 05.05.2026, 46-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 14.05.2026 (सिविल एवं परिवहन कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 32-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन, साहिबगंज में क्रू लॉबी और रनिंग रूम के विस्तार तथा मौजूदा क्रू लॉबी और रनिंग रूम के नवीनीकरण कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,17,50,774.77, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 29.05.2026 को 15.30 बजे। **क्रम सं. 2, निविदा सं. 46-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : "वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में रखरखाव गतिविधि कार्यों के संबंध में विभिन्न ट्रैक डिपो से पी.वे सामग्री जैसे रेल, स्लीपर, स्विच, एसईजे, ग्लूड जॉइंट, पी.वे फिटिंग्स आदि के परिवहन कार्य" के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 53,86,081.80, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 05.06.2026 को 15.30 बजे । **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps .gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/ मालदा टाउन।

MLD-51/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जैव विविधता संरक्षण अभियान के तहत कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज(रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड की मानी पंचायत में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026 के अवसर पर चार दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 2026 की थीम 'स्थानीय प्रयासों से वैश्विक प्रभाव' पर केंद्रित इस अभियान का पहला दिन डिहरा गांव में 150 वर्ष पुराने पीपल वृक्ष के नीचे मनाया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय और ओसियन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जन्मदिन पर पौधारोपण का संकल्प लिया। पीपल बरगद नीम तुलसी अभियान के संरक्षक धर्मेंद्र पटेल ने ऑनलाइन जुड़कर पीपल के औषधीय गुण और अधिक ऑक्सीजन देने की विशेषता बताई। जैव विविधता प्रबंधन समिति अध्यक्ष मृत्युंजय ने वृक्ष संरक्षण को सामुदायिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में फॉरेस्टर बिट्टू कुमार, प्राचार्य अली हुसैन अंसारी समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। तय कार्यक्रम के अनुसार 20 मई को नदी की तलहटी में, 21 मई को लक्ष्मणपुर स्कूल में आयोजन होगा और 22 मई को सभी स्कूलों के बच्चे संरक्षण का सामूहिक संकल्प लेंगे। इसी क्रम में खैरा भूधर स्थित भाजपा नेत्री किरण प्रभाकर के कार्यालय में प्रज्ञा प्रवाह चित्ति के बैनर तले मासिक व्याख्यानमाला आयोजित की गई। सैसड़ मठ महंथ श्री उद्धव प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से संगोष्ठी का शुभारंभ किया। विभाग संयोजक डॉ अरुण कुमार ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि जैव विविधता के किसी भी घटक को नुकसान पूरी दिनचर्या बदल देता है। मुख्य वक्ता डॉ कन्हैया सिंह ने चेताया कि जंगलों की कटाई, नदी प्रदूषण और बढ़ते तापमान से प्रकृति अब हिसाब ले रही है। भीषण गर्मी, बाढ़ और तूफान उसी की चेतावनी हैं। उन्होंने कहा कि पेड़, वन्यजीव और नदियां पृथ्वी की सांसें हैं और इनके बिना मानव अस्तित्व खतरे में है। यदि अब भी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा पानी खरीदना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन अजय शंकर तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रविकांत मिश्रा ने किया। शांति पाठ के साथ संगोष्ठी संपन्न हुई। मौके पर डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डॉ. प्रेम कुमार की अनुशंसा पर 23.72 लाख की लागत से बना आधुनिक पार्क लोकार्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 36 स्थित नूतन नगर में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत निर्मित आधुनिक पार्क का कार्य पूरा होने के बाद मंगलवार को इसे स्थानीय लोगों को समर्पित कर दिया गया। पार्क का निर्माण बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अनुशंसा पर लगभग 23 लाख 72 हजार 382 रुपये की लागत से कराया गया है। इस अवसर पर आयोजित स्थानीय बैठक में पार्क के गेट की चाबी क्षेत्रवासियों को सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्क प्रतिदिन सुबह और शाम आम लोगों के उपयोग के लिए खुला रहेगा। नवनिर्मित पार्क में लोगों के बैठने के लिए आकर्षक कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। साथ ही टहलने और भ्रमण के लिए पाथवे बनाया गया है। पार्क परिसर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए कई लाइटें लगाई गई हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के फूलों और सजावटी पौधों का रोपण किया गया है तथा पूरे परिसर में हरियाली बनाए रखने के लिए घास लगाई गई है। स्थानीय लोगों ने पार्क निर्माण को क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताते हुए डॉ. प्रेम कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि पार्क बनने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण में समय बिताने का अवसर मिलेगा। बैठक में नूतन नगर के मुख्य पथ के शेष निर्माण कार्य पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि पूर्व में डॉ. प्रेम कुमार की पहल पर मुख्य सड़क में पेवर ब्लॉक लगाया गया था जिससे सड़क चौड़ी और सुगम बनी है। शेष कार्य के लिए दो बार टेंडर प्रक्रिया कराई गई, लेकिन तकनीकी कारणों से काम शुरू नहीं हो सका। अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। बैठक में शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार, उपेंद्र सिंह, पुष्प कुमार, सुधीर शर्मा, ज्ञानेश्वर शर्मा, पिंटू कुमार, अवधेश शर्मा, राजीव कुमार, शुभम कुमार, शशि शर्मा, राजनंदन प्रसाद गांधी और जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# डूबने से तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। कुएं में गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने के लिए कुएं में उतरे एक ग्रामीण की भी जान चली गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। दूसरी ओर बोधगया में एक बच्ची की मौत पानी में डूबने से हो गई। दोनों ही घटनाओं का पुलिस जांच कर रही है। सुबह सुबह तीन लोगों की डूबने से मौत की सूचना मिल रही है। मोहनपुर थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव में एक महिला शौच के लिए घर से बाहर गई थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर पड़ी। महिला को डूबता देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। महिला को बचाने के लिए एक ग्रामीण तुरंत कुएं में कूद पड़ा, लेकिन गहरे पानी और दम घुटने के कारण दोनों बाहर नहीं निकल सके और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई। मोहनपुर थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीणों और पुलिस की मदद से काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को कुएं से बाहर निकाला गया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान फुलवा देवी एवं उनके ससुर परमेश्वर मांझी के रूप में हुई है। फुलवा देवी घर के समीप स्थित कुएं के पास गई थीं। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गईं।बहू को बचाने के प्रयास में उनके ससुर परमेश्वर मांझी भी बिना देर किए कुएं में उतर गए। लेकिन कुएं में जहरीली गैस और दम घुटने के कारण दोनों बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं, दूसरी ओर बोधगया इलाके से भी पानी में डूबने से एक बच्ची की मौत की सूचना सामने आई है । एमयू थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस दोनों की

## 'विकसित भारत-समृद्ध बिहार' शिविर में 24 आवेदन प्राप्त, 5 का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के पंचायत सरकार भवन काबर में मंगलवार को 'विकसित भारत-समृद्ध बिहार' कार्यक्रम के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर में जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी अभिषेक कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, लेबर इंस्पेक्टर राजेश कुमार, प्रोग्राम पदाधिकारी संजय कुमार, आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, मार्केटिंग ऑफिसर शेखर, मुखिया प्रतिनिधि मोहन यादव, अवधेश दास समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने बताया कि सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आम लोगों तक आसानी से पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राशन कार्ड, पेंशन, भूमि म्यूटेशन, बिजली-पानी, मनरेगा, स्वास्थ्य एवं पुलिस शिकायत सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन लिए गए। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रखण्ड से 17 आवेदन प्राप्त हुए जिसे कुछ ही दिनों में निष्पादन कर दिया जाएगा।

# सहयोग शिविर में 30 दिन के भीतर समाधान का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मानपुर प्रखंड की लखनपुर पंचायत में मंगलवार को 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के तहत आयोजित सहयोग शिविर में मगध प्रमंडल की आयुक्त सफीना ए एन और मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव शामिल हुए। शिविर का उद्देश्य जन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में बताया गया कि सात निश्चय योजना-3 के अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को बिहार के सभी जिलों में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए 11 मई को सहयोग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1100 जारी किया है जिसके माध्यम से लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आयुक्त सफीना ए एन और मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव ने कहा कि सहयोग शिविर कार्यक्रम की शुरुआत पूरे प्रक्षेत्र में की जा रही है और इसका मुख्य उद्देश्य निर्धारित समय सीमा के भीतर जन समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन हर हाल में 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंचल, प्रखंड और थाना स्तर की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि सहयोग शिविर और सहयोग पोर्टल के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित 3571 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से तीन हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा चुका है तथा संबंधित आवेदकों को निष्पादन पत्र भी सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समाधान 30 दिनों के भीतर कर शिविर में आवेदकों को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के दौरान लाभुकों को बासगीत पर्चा, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र तथा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत प्रोत्साहन राशि के सांकेतिक चेक भी वितरित किए गए। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मानपुर, अंचलाधिकारी मानपुर समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरुआ की बरमा पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन, 153 मामले आए




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के बरमा पंचायत अंतर्गत बरमा गांव में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनने एवं समाधान के लिए कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सदाम हुसैन, अंचल अधिकारी जमिल अतहर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, कृषि विभाग से सिमरन कुमारी, गुरुआ पुलिस के एएसआई सुरेंद्र कुमार पासवान सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। शिविर के दौरान कुल 153 मामले प्राप्त हुए। अंचल अधिकारी जमिल अतहर ने बताया कि पंचायत के लोगों द्वारा दाखिल-खारिज, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, नलजल योजना, आवास योजना परिमार्जन एवं अन्य भूमि संबंधी मामलों से जुड़े आवेदन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर समय पर निपटारा किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिल सके।

# जिला से आदेश के बावजूद नहीं बना पइन सुरक्षा बांध, किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** प्रखंड के पुरा गांव के किसानों ने सोमवार को पइन सुरक्षा बांध निर्माण में अनियमितता को लेकर मनरेगा कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी किसानों में नंदलाल कुमार, कमला प्रसाद सिंह, उपेंद्र सिंह, दिलखुश आदि किसानों ने कहा कि जिला से आदेश आया था कि पिछले वर्ष सितंबर 2025 में जिला जांच कमिटी की जांच के बाद जिला लोकपाल मनरेगा के द्वारा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को आदेश दिया गया कि इस गाईडवाल का अविलंब पुनः निर्माण किया जाए और जिला को सूचित किया जाए, लेकिन अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ। किसानों ने बताया कि पहले भी शिकायत दर्ज कराई गई थी और पुनर्निर्माण का आश्वासन मिला था। कमला प्रसाद सिंह, अर्जुन सिंह, विजय सिंह, उपेन्द्र सिंह, अनिरुद्ध सिंह, अनिल सिंह, अरविन्द सिंह, दिलखुश कुमार, रवि कुमार समेत अन्य किसानों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो वे जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## गया में कैपिंग और लैंप लाइटिंग समारोह, एएनएम छात्राओं ने ली सेवा की शपथ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया शहर स्थित प्रभावती अस्पताल सह एएनएम स्कूल परिसर में मंगलवार को कैपिंग, लैंप लाइटिंग एवं ओथ टेकिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन प्रभावती अस्पताल की सुपरिटेंडेंट डॉ. सुषमा वर्मा और प्रभावती एएनएम स्कूल के प्राचार्य भूरी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अस्पताल कर्मी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। समारोह के दौरान नई छात्राओं को नर्सिंग सेवा की शपथ दिलाई गई। छात्राओं ने मरीजों की सेवा ईमानदारी, समर्पण और बिना किसी भेदभाव के करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नर्सिंग पेशे की जिम्मेदारियों और सेवा भावना पर विशेष जोर दिया गया। प्राचार्य भूरी सिंह ने कहा कि कैपिंग और लैंप लाइटिंग समारोह नर्सिंग शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं को सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया छात्राओं को पहले सैद्धांतिक और फिर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे अस्पताल में बेहतर तरीके से अपनी सेवाएं दे सकें। उन्होंने कहा कि नर्सिंग सेवा में मानवता, ईमानदारी और अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं। शपथ ग्रहण के बाद ही छात्राओं को अस्पताल ड्यूटी के लिए तैयार किया जाता है। इस दौरान फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान को भी याद किया गया जिन्हें नर्सिंग सेवा की जननी माना जाता है। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। रंगारंग कार्यक्रमों ने समारोह को उत्सव का रूप दे दिया और उपस्थित लोगों ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में 50 से अधिक लोगों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग के मामले समेत अन्य समस्याएं सामने आईं। जिलाधिकारी ने एक-एक मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने अधिकारियों को सभी मामलों का त्वरित, निष्पक्ष और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। जनता दरबार के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया।

# गुलनी गांव में छठ घाट निर्माण में घोर अनियमितता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड की दुबा पंचायत अंतर्गत गुलनी गांव में हो रहे छठ घाट निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान निर्माण कार्य में कई गड़बड़ियां सामने आईं। बीपीआरओ अविनाश कुमार कनीय अभियंता के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचे जहां जांच में पाया गया कि निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा था। इस पर उन्होंने मुखिया एवं निर्माण कार्य करा रहे लोगों को जमकर फटकार लगाई और तत्काल सुधार करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कनीय अभियंता द्वारा निर्माण कार्य में सुधार करने को कहा गया था, लेकिन इसके बावजूद मनमाने तरीके से कार्य कराया जा रहा था। बीपीआरओ ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो भुगतान पर रोक लगा दी जाएगी तथा संबंधित लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## इंदिरा आवास योजना में मजदूरी भुगतान नहीं होने पर जिला पार्षद ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में इंदिरा आवास योजना के तहत लाभार्थियों को मजदूरी भुगतान नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोंच दक्षिणी की जिला पार्षद रेणु कुमारी ने मंगलवार को बीडीओ बिपुल भारद्वाज को आवेदन सौंपकर जल्द भुगतान कराने की मांग की है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि कोंच प्रखंड अंतर्गत इंदिरा आवास योजना के तहत वर्ष 2021 से 2026 तक जिन लाभार्थियों को आवास योजना का लाभ मिला है, उनमें कई लोगों को अब तक मजदूरी मद की राशि का भुगतान नहीं किया गया है।


**नाम परिवर्तन**

मैं अब तक सहर्ष सौरभ कुमार, पुत्र राजेश सिंह के नाम से जाना जाता हूं। मैं वार्ड संख्या 14, पलकिया, थाना शेरघाटी (घर का पता) पर रहता हूं। मैंने अपना नाम बदल लिया है और इसके बाद मैं सहर्ष सौरभ के नाम से जाना जाऊंगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।

सहर्ष सौरभ


# आवास योजना में पैसे लेने का आरोप, महिला ने सहयोग शिविर में की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के पंचायत सरकार भवन काबर में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर के दौरान आवास योजना में पैसे लेने के आरोप का मामला सामने आया। काबर पंचायत के दौलतपुर गांव निवासी सुनीता देवी ने शिविर में मौजूद अधिकारियों के समक्ष शिकायत करते हुए कहा कि आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उनसे दो बार पैसे लिए गए, लेकिन अब तक योजना की राशि नहीं मिली है। महिला ने बताया कि पहले उनसे 500 रुपये तथा बाद में 1000 रुपये लिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना से संबंधित फोटो खींचने और लाभ दिलाने के नाम पर पैसे मांगे गए थे। महिला ने बताया कि पंचायत में फोटो खींचने का कार्य शंकर कुमार द्वारा किया जाता है। शिकायत के दौरान शिविर में मौजूद अधिकारियों के बीच कुछ देर के लिए हलचल मच गई। वहीं मुखिया पति अवधेश दास ने महिला को समझाते हुए कहा कि जल्द ही आवास योजना की राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके बावजूद महिला ने बीडीओ के समक्ष अपनी समस्या रखी। बाद में अधिकारियों ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया जिसके बाद मामला शांत हुआ।

# गुरुआ अंचलाधिकारी पर पैसा वसूली का आरोप, पंचायत समिति सदस्य ने डीएम से की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के कोलौना पंचायत की पंचायत समिति सदस्य सह धोखड़ा गांव निवासी बैजयंती देवी ने गया जिलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर गुरुआ अंचलाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दाखिल-खारिज के नाम पर अवैध रूप से पैसा वसूली करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराने की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य बैजयंती देवी का आरोप है कि अंचल कार्यालय में दलालों के माध्यम से किसानों से रुपये लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बिना पैसे के आम लोगों का कार्य समय पर नहीं किया जाता जबकि पैसे देने वालों का दाखिल-खारिज मात्र 10 दिनों के भीतर कर दिया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अंचलाधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। उनके अनुसार उनके किसी भी कार्य पर ध्यान नहीं दिया जाता और अंचलाधिकारी उनका फोन तक नहीं उठाते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल अपने दलालों के संपर्क में रहते हैं। आवेदन में कोलौना पंचायत के धोखड़ा गांव निवासी किसान कृष्णा पासवान का मामला भी उल्लेखित किया गया है। आरोप है कि उनका दाखिल-खारिज आवेदन पांच माह से लंबित है जबकि अन्य लोगों का कार्य जल्द कर दिया जाता है। इसके अलावा बैजयंती देवी ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व एक दलित रिटायर्ड चौकीदार के साथ अंचलाधिकारी ने गलत व्यवहार किया तथा जूते से मारने की धमकी भी दी थी। पंचायत समिति सदस्य ने गुरुआ अंचलाधिकारी पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए गया जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।


**S.D. COLLEGE**

**Khushdihra, Paraiya (Gaya) Bihar.**

**INVITING TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| Sl. No. | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender from (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Adm Building Ground Floor & 1st Floor At S.D. College khushdihra, Paraiya, Gaya, Bihar. | 1,38,34,400=00 | 9 Months | 10,000=00 | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule**

a) Last Date for purchase of tender Documents from Account Section of the College on All working days during office hours 2PM 20.05. 2026 to 01-06-2026.

b) Submission of tender up to 2 pm in the office, or registered post 06-06-2026.

c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.

**Condition of Contract:-**

1 D.D Should be made in the favor of Principal t A.M. LAW.College, Gaya, Bihar.

2 Tender is open only to the eligible and experienced contractors/firms of Appropriate Class Registered with University.

3 The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.

4 Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal, S.D. College, khushdihra, Paraiya, Gaya, Bihar.**



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।**

**निलामी सूचना :–**

| क्र0सं0 | टायर, ट्यूब, बैट्री एवं मोटर पार्ट्स का प्रकार | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1. | 1400-20 | |
| 2. | 1100-20 | |
| 3. | 1000-20 | |
| 4. | 900-20 | |
| 5. | 750-16 | |
| 6. | 600-16 | |
| 7. | 235-65 R17 | |
| 8. | 235-70 R16 | |
| 9. | 215-75 R15 | |
| 10. | 215-60 R16 | |
| 11. | 185-85 R16 | |
| 12. | F 78-15 | |
| 13. | बैट्री 150AH | |
| 14. | बैट्री 100AH | |
| 15. | बैट्री 80AH | |
| 16. | बैट्री 70AH | |
| 17. | बैट्री 60AH | |
| 18. | पुराना मोटर पार्ट्स (सभी सामग्री) | |

उपरोक्त् सरकारी सामग्री पुलिस केन्द्र, पलामू स्थित परिवहन शाखा, भण्डार में उपलब्ध है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस को भौतिक रूप से आकर देख सकते हैं। यह निलामी दिनांक–25.05.2026 को पुलिस केन्द्र, पलामू में प्रातः 11:00 बजे निर्धारित की गई है।

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

निलामी की शर्तें:–

1. सभी प्रकार के टायर, ट्यूब, पुराना मोटर पार्ट्स की निलामी की जानी है।
2. निलामी प्रक्रिय में भाग लेने वाले व्यक्ति को कम से कम 20,000/– रूपये का नगद/बैंक ड्राफ्ट अद्योहस्ताक्षरी के नाम से पुलिस केन्द्र, पलामू में जमा कराना होगा।
3. दिनांक–23.05.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक अर्नेस्ट मनी जमा करने वाले व्यक्ति ही निलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
4. उच्चतम बोली लगाने वाले को एक सप्ताह के अन्दर पूरी राशि जमा कर पुलिस केन्द्र, पलामू से अपना निलामी सामानों को ले जाना होगा, अन्यथा उनका अर्नेस्ट मनी जप्त समझा जाएगा।
5. उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों का अर्नेस्ट मनी उसी दिन निलामी की प्रक्रिया के दौरान वापस कर दी जाएगी।
6. निलामी की तिथि को रद्द करने, स्थगित करने या इसकी प्रक्रिया में किसी प्रकार का फेरबदल करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

PR 380166 District(26-27)D

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

संपादकीय

# भोजशाला : अब विवाद खत्म हो

धार की भोजशाला, जिसे हिंदू सरस्वती मंदिर और मुसलमान कमाल मौला मस्जिद बताते रहे हैं, के बारे में मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने मंदिर घोषित किया है। हाईकोर्ट ने यह फैसला इस विवादित परिसर की विस्तृत एएसआई सर्वे रिपोर्ट के आधार पर दिया है, जिसमें कहा गया है कि भोजशाला में डेढ़ सौ से अधिक ऐसे प्रमाण, हिंदू प्रतीक चिन्ह मिले हैं, जिसके आधार पर यह माना जा सकता है कि यहां मस्जिद बनने से पहले कोई मंदिर रहा होगा। सर्वे में कुछ इस्लामिक प्रतीक चिन्ह भी मिले हैं, लेकिन उनकी संख्या तुलनात्मक रूप से काफी कम है। वैसे भी लोकमान्यता रही है और कुछ ऐतिहासिक उल्लेख भी हैं कि 11वीं सदी में राजा भोज ने यहां भोजशाला का निर्माण कराया था, जो विद्याध्ययन और हिंदू आराधना स्थल का केन्द्र रही थी। जाहिर है कि मुस्लिम पक्ष इससे सहमत नहीं है और उसने एएसआई रिपोर्ट को 'झूठ का पुलिंदा' करार देते हुए हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का ऐलान किया है। हालांकि इस बीच इंदौर हाईकोर्ट बेंच के आदेश के मुताबिक भोजशाला में हिंदू समाज ने पूजा अर्चना शुरू कर दी है। कोर्ट ने मुस्लिम समाज द्वारा यहां शुक्रवार को अदा की जाने वाली नमाज को पूरी तरह रोक दिया है। हालांकि हाई कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि मुस्लिम अगर चाहें तो भोजशाला के बदले कोई दूसरी मस्जिद बनाने के लिए राज्य सरकार से जमीन मांग सकते हैं। फैसले के मुताबिक अब इस जगह पर एएसआई का पूरा नियंत्रण रहेगा। एएसआई ही इमारत की देखभाल, संरक्षण और रखरखाव करेगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अदालत के आदेशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। चूंकि इस पूरे मामले पुरातात्विक प्रमाण और आस्था का मसला कम सियासी गुणाभाग ज्यादा है। यही कारण है कि फैसला आते ही असदुद्दीन ओवैसी जैसे कई मुस्लिम नेता इस विवाद में कूद पड़े हैं। ओवैसी ने तो यहां तक कह दिया कि धार के धर्मस्थल विवाद पर कोर्ट का फैसला भी बाबरी मस्जिद जैसा ही है। लेकिन दोनों में फर्क यह है कि भोजशाला में बाबरी ढांचे की तरह हिंदुओं ने कोई इमारत गिराई नहीं है। वो केवल ऐतिहासिक और पुरातात्विक प्रमाणों के आधार पर भोजशाला पर अपना अधिकार जता रहे थे। अयोध्या मामले में कोर्ट ने आस्था और पुरातात्विक प्रमाणों को फैसले का आधार माना था। जबकि यहां तो पुरातात्विक प्रमाण साफतौर पर कह रहे हैं कि भोजशाला 11 सौ साल तक एक मंदिर ही था, 14वीं में उसे आंशिक रूप से ध्वस्त कर वहां मस्जिद बनाई गई। मुस्लिम पक्ष का यह भी तर्क है कि यह फैसला 1991 में बने कानून कि देश के सभी धर्मस्थलों को 15 अगस्त 1947 की स्थिति में यथावत रखने की भावना का उल्लंघन है। लेकिन यह कानून में किसी भी धर्मस्थल के धार्मिक उपयोग और प्राचीनता पर संशय होने पर उसका पुरातात्विक सर्वे करने से रोक नहीं लगाता। मुस्लिम पक्ष जो भी कहे, लेकिन एएसआई ने सर्वे का काम पूरी निष्पक्षता और कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक ही सम्पन्न किया है। हर चीज का रिकॉर्ड मौजूद है। ऐसे में मुस्लिम पक्ष का यह तर्क कि वहां पहले कोई मंदिर था ही नहीं और मस्जिद ही बनाई गई थी, सबूतों की स्पष्टता के आगे नहीं टिकना मुश्किल है। हिंदू पक्ष इंदौर बेंच के फैसले को हजार साल की लड़ाई के बाद मिली जीत बता रहा है, लेकिन इससे देश में धर्म स्थल विवादों का नया पिटारा खुल जाएगा। क्योंकि देश में ऐसे अनेक धर्मस्थल हैं, जिन्हें मुस्लिम शासनकाल में ध्वस्त कर मस्जिदें बना दी गईं।

# इटली और भारत: इंडो-भूमध्यसागरीय क्षेत्र के लिए एक रणनीतिक साझेदारी

**नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधानमंत्री**
**जॉर्जिया मेलोनी, इटली गणराज्य मंत्रिपरिषद की अध्यक्ष**





भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।

हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक–जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है–को भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं।

यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। ÷मेड इन इटली÷ हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल ÷मेक इन इंडिया पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी – जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है – एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी।

तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेज़ी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता– इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी।

भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि एआई का विकास जिम्मेदार और मानव-केंद्रित हो।

भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता भारत के मानव विज़न- यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित ÷एल्गोर-एथिक्स÷ की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने।

हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके।

सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए।

आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है।

हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है।

राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। इसलिए इटली और भारत रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपने सहयोग को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारा सहयोग महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, तथा आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों के खिलाफ मजबूती बढ़ाने में मदद करेगा।

ऊर्जा हमारी साझेदारी का एक और महत्वपूर्ण आधार है। दुनिया में ऊर्जा के विविध स्रोतों की ओर बढ़ रहे बदलाव के लिए नवाचार, निवेश और सहयोग की आवश्यकता है। भारत और इटली नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हाइड्रोजन तकनीक, तथा स्मार्ट ग्रिड से लेकर मजबूत बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं।

ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की भारत की पहल अपार संभावनाएं रखती है। यह इटली की नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना में उन्नत तकनीक और यूरोप के लिए ऊर्जा प्रवेश द्वार के रूप में उसकी रणनीतिक भूमिका के साथ पूरी तरह मेल खाती है।इस संदर्भ में भारत की अगुवाई वाली प्रमुख पहलों- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) और ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस (जीबीए) में अन्य देशों के साथ हमारा सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण है।

भौतिक, डिजिटल और मानवीय संपर्क ही वह कड़ी है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। भारत और इटली दोनों वैश्विक अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों-इंडो-पैसिफिक और भूमध्यसागर के केंद्र में स्थित हैं। अब इन क्षेत्रों को अलग-अलग नहीं, बल्कि आपस में जुड़े हुए क्षेत्रों के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, हम एक नए ÷इंडो-मैडिटेरेनियन÷ क्षेत्र के उभरने को देख रहे हैं, जो व्यापार, तकनीक, ऊर्जा, डेटा और विचारों का एक महत्वपूर्ण गलियारा बन रहा है और हिंद महासागर को यूरोप से जोड़ता है। इसी आपस में जुड़े हुए क्षेत्र में हमारा संबंध स्वाभाविक रूप से एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित होता है- ऐसी साझेदारी, जो दो महाद्वीपों को जोड़ती है और नई वैश्विक परिस्थितियों को आकार देती है।

इस संदर्भ में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) एक ऐसी दूरदर्शी योजना है, जिसका उद्देश्य आधुनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे, डिजिटल नेटवर्क, ऊर्जा प्रणालियों और मजबूत सप्लाई चेन के माध्यम से हमारे क्षेत्रों को जोड़ना है। भारत और इटली अन्य साझेदार देशों के साथ मिलकर इस दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

हम अपने साझा चुनौतियों का समाधान दोनों देशों के गहरे संबंधों और लंबे सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में ÷धर्म÷ का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए। वहीं ÷वसुधैव कुटुंबकम्÷-अर्थात ÷पूरी दुनिया एक परिवार है÷ का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है।

ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है, जो समाजों और लोगों को एकजुट कर सकती है। इसलिए हमारी साझा दृष्टि का उद्देश्य लोगों को केंद्र में रखते हुए भारत-इटली साझेदारी को मजबूत, आधुनिक और भविष्य उन्मुख आधार प्रदान करना है।

अध्यात्म

## जब कालिदास को हुआ अपनी गलती पर पछतावा

महाकवि कालिदास के जीवन के कई ऐसे प्रसंग हैं, जिनमें सुखी जीवन के सूत्र बताए हैं। वे बहुत ज्ञानी थे, लेकिन एक समय उन्हें इस बात पर घमंड हो गया था। इसके बाद एक महिला ने उन्हें समझाया कि ज्ञान के साथ घमंड नहीं होना चाहिए।

प्रचलित प्रसंग के अनुसार एक दिन महाकवि कालिदास एक नगर से दूसरे नगर जा रहे थे। रास्ते में उन्हें प्यास लगी। वहीं उन्हें एक कुआं दिखाई दिया, वहां गांव की एक महिला पानी भर रही थी। कालिदास ने महिला से कहा कि मुझे प्यास लगी है, कृपया पानी दीजिए। महिला ने कहा कि मैं आपको नहीं जानती हूं, कृपया अपना परिचय दें। इसके बाद मैं पानी दे दूंगी।

कालिदास को अपने ज्ञान पर घमंड था, उन्होंने अपना नाम न बताते हुए कहा कि मैं मेहमान हूं। महिला बोली कि आप मेहमान कैसे हो सकते हैं, संसार में सिर्फ दो ही मेहमान हैं, एक धन और दूसरा यौवन।

गांव की महिला से बात सुनकर कालिदास हैरान रह गए। उन्हें उस महिला से ऐसी बात की उम्मीद नहीं थी। वे फिर बोले कि मैं सहनशील हूं। महिला ने कहा कि आप सहनशील नहीं है, इस संसार में सिर्फ दो ही सहनशील हैं। एक ये धरती जो पापी और पुण्यात्माओं का बोझ उठाती है। हमें खाने के लिए अनाज देती है। दूसरे सहनशील पेड़ हैं, जो पत्थर मारने पर भी फल ही देते हैं।

कालिदास ने फिर कहा कि मैं हठी हूं। महिला बोली कि आप फिर झूठ बोल रहे हैं। हठी दो ही हैं। एक हमारे नाखून और दूसरे बाल। इन्हें बार-बार काटने पर भी फिर से बढ़ जाते हैं। महिला से ऐसी ज्ञान वाली बातें सुनकर कालिदास हार मान गए और बोले कि मैं मूर्ख हूं। इस पर महिला ने कहा कि मूर्ख भी दो ही हैं। एक राजा जो बिना योग्यता के भी सब पर राज करता है। दूसरे दरबारी जो राजा को खुश करने के लिए गलत बात पर भी झूठी प्रशंसा करते हैं।

अब कालिदास महिला के चरणों में गिर पड़े और पानी के याचना करने लगे। तभी महिला ने कहा उठो वत्स। कालिदास ने ऊपर देखा तो वहां देवी सरस्वती खड़ी थीं। देवी ने कहा कि शिक्षा से ज्ञान मिलता है, न कि घमंड। तूझे अपने ज्ञान का घमंड हो गया था। इसीलिए तेरा घमंड तोड़ने के लिए मुझे ये सब करना पड़ा। कालिदास को अपनी गलती पर पछतावा होने लगा। उन्होंने देवी से क्षमा याचना की। देवी प्रसन्न होकर अंतर्ध्यान हो गईं। इसके बाद उन्होंने कभी भी घमंड नहीं किया।

# ईरान को चाबहार बंदरगाह विकसित करने की उम्मीद

**अमेरिका-ईरान-इजरायल युद्ध के दौरान भारतीय विपक्ष, मोदी विरोधी मीडिया और कुछ चरमपंथियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पश्चिम एशिया की इस विषम स्थिति में दोषी ठहराने के आरोप लगाए थे। कूटनीतिक रणनीति में पाकिस्तान को केवल इसलिए सफल ठहराने के कसीदे काढ़े गए, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच असफल रहीं समझौते की बैठकें इस्लामाबाद में हुई थीं। यह भी आशंकाएं जताई जा रही थीं कि स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण भारत और ईरान के संबंधों में खटास उत्पन्न हो रही है। किंतु अब इन सब कुशंकाओं के विपरीत भारत दौरे पर आए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ईरान में भारत के सहयोग से निर्माणाधीन चाबहार बंदरगाह को एक सुनहरे दरवाजे और सहयोग का प्रतीक बताते हुए उम्मीद जताई कि भारत इस रणनीतिक बंदरगाह को विकसित करना जारी रहेगा।**

**प्रमोद भार्गव**

भारत ही इस क्षेत्र में प्रभावशाली रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। अराघची ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के बाद नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में ठहरे थे। यहीं उनकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हुई द्विपक्षीय हुई वार्ता में यह बात निकलकर आई है।

अराघची ने इस बंदरगाह के विकास में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण इस परियोजना में सुस्ती आ गई है, लेकिन मुझे विश्वास है कि यह बंदरगाह भारत के लिए मध्य एशिया और फिर इस आवागमन मार्ग के रूप में यूरोप तक पहुंचने का सुनहरा दरवाजा साबित होगा। साथ ही यूरोपीय लोगों, मध्य-एशियाई लोगों और अन्य लोगों के लिए हिंद महासागर तक पहुंचने का भी माध्यम बनेगा। यह रणनीतिक दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण बंदरगाह है। ईरान और भारत के अलावा अन्य देशों के लोगों के लिए भी यह बंदरगाह उपयोगी साबित होगा। अतएव मुझे उम्मीद है कि भारत चाबहार बंदरगाह परियोजना को पूरा करेगा ताकि अन्य देश भी इसका लाभ उठा सकें। अराघची ने यहां तक कहा कि भारत ही वह देश है, जो पश्चिम एशिया में शांति के लिए अहम भूमिका निभा सकता है।

दिल्ली में संपन्न हुए ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के बाद आया अराघची का बयान इस बात का संकेत है कि भारत ही वह देश है, जिससे शांति और समावेशन की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि इस भू-राजनीतिक क्षेत्र के ईरान समेत लगभग सभी देशों से भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते अराघची के बयान को बढ़ते ऊर्जा और आर्थिक संकट के परिप्रेक्ष्य में वैश्विक चिंता के रूप में भी देखने की जरूरत है। दरअसल भारत ने ईरान के साथ चाबहार स्थित शाहिद बेहेस्ती बंदरगाह के संचालन के लिए एक समझौता किया हुआ है। 10 वर्षों के लिए हुए इस समझौते पर दोनों देशों के संधि पत्र पर हस्ताक्षर भी हो चुके थे। परंतु हस्ताक्षर के चंद घंटों बाद भी ईरान पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते यह समझौता खटाई में पड़ा हुआ है। इंडियन पोर्टस ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के बंदरगाह एवं समुद्री संगठन के बीच 13 मई 2016 को समझौता हुआ था। भारत के तबके जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोबाल ने ईरान पहुंचकर अपने समकक्ष के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इंडिया पोर्ट ग्लोबल लिमिटेड को करीब 120 मिलियन डॉलर का निवेश करना था। भारत सरकार की यह संस्था सागरमाला विकास कंपनी की सहायक कंपनी है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक चाबहार स्थित शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह को विकसित करने के लिए ही इस कंपनी को अस्तित्व में लाया गया था। इसका लक्ष्य भूमि से घिरे अफगानिस्तान और मध्य-एशियाई देशों के लिए मार्ग तैयार करना था। यह कंपनी कंटेनरों के संचालन से लेकर वेयरहाउसिंग तक का काम करती है। इंडिया पोर्ट ने इस बंदरगाह का संचालन सबसे पहले साल 2018 के अंत में शुरू किया था। तब ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मानवाधिकार उल्लंघन और चरमपंथी संगठनों को मदद करने के आरोप में अमेरिका ने ईरान पर अनेक व्यापक असर डालने वाले प्रतिबंध लगा दिए थे। 1998 में जब पोखरण में भारत ने परमाणु परीक्षण किया था तब भी अमेरिका ने भारत पर प्रतिबंध लगाए थे। भारत सरकार को अपने पूंजी निवेश से इस बंदरगाह पर पांच गोदियों का निर्माण करना है। इनमें से दो बनकर तैयार हो गई हैं। इनमें से एक पर जब भारत का गेहूं से भरा पहला जहाज इस बंदरगाह पर पहुंचा था, तब उसकी अगवानी ईरान के तब के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने की थी। इसी के साथ इस बंदरगाह का औपचारिक उद्घाटन भी संपन्न हो गया था। भारत के लिए यह बंदरगाह आर्थिक, सामरिक एवं रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के पहले चरण को 'शाहिद बेहिश्ती पोर्ट' के नाम से जाना जाता है।



वैसे चाबहार का अर्थ चारों ओर बहार अर्थात् खुशहाली से है। ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित इस बंदरगाह की भौगोलिक स्थिति बेहद अहम् है।

चाबहार ओमान की खाड़ी में स्थित है। अतएव यह बंदरगाह भारत के लिए मध्य एशिया, यूरोप, रूस और अफगानिस्तान में प्रवेश के लिए एक द्वार माना जाता है। चाबहार के सबसे निकट गुजरात का कंडला बंदरगाह 1016 किमी और मुंबई बंदरगाह की दूरी 1455 किमी है। यहां से महज 140 किमी दूर पाकिस्तान का ग्वादर बंदरगाह है। इसे चीन ने विकसित किया है। यह बहुत पहले से संचालित है। दरअसल पाकिस्तान ने कूटनीतिक चाल चलते हुए अपने क्षेत्र से भारतीय जहाजों को अफगानिस्तान ले जाने से मना कर दिया था। नतीजतन भारत ने वैकल्पिक मार्ग की तलाश किया और चाबहार बंदरगाह ईरान के साथ हुए द्विपक्षीय समझौते के बाद अस्तित्व में आया। भारत के लिए यह रास्ता इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पाक और चीन की मिली-जुली रणनीति के तहत भारत को दक्षिण एषिया में हाशिए पर डालने की कुटिल चाल अपनाई हुई है। चीन ने दक्षिण एशिया में बड़ा पूंजी निवेश करते हुए पाक, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल आदि देशों से मजबूत आर्थिक व सामरिक संबंध बना लिए हैं। इनके जरिए चीन एवं पाक ने भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार को प्रतिबंधित करने की कोशिश की थी, जो अब तक नाकाम रही है। भारत से बंदरगाह बनवाए जाने की बुनियाद 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी और ईरानी राष्ट्रपति सैयद मोहम्मद खातमी ने डाली थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक पहल के बाद परवान चढ़ना शुरू हुई, लेकिन प्रतिबंधों के चलते अधूरी है।

अटल बिहारी वाजपेयी जब प्रधानमंत्री थे, तब 2003 में ईरान के तत्कालीन खातमी दिल्ली आए थे। तभी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को विकसित करने व रेल लाइन बिछाने और कुछ सड़कें डालने के समझौते हो गए थे, लेकिन विवादित परमाणु कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने के कारण भारत इन कार्यक्रमों में रुचि होने के बावजूद कुछ नहीं कर पाया था। इस समय भारत को परमाणु शक्ति के रूप में उभरने व स्थापित होने के लिए अमेरिकी सहयोग व समर्थन की जरूरत थी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज खुशियों की हल्की-हल्की दस्तक आपके दिन को खास बना सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाही खबर मिल सकती है।

**वृषभ**
पैसों से जुड़ी बातें किसी से शेयर करने से बचें। शेयर मार्केट में सोच-समझकर कदम बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। करीबी अचानक मिलने आ सकता है।

**मिथुन**
आज सफलता आपके कदम चूम सकती है। मेहनत का फल धीरे-धीरे मिलना शुरू होगा। संतान की खुशी के लिए कोई नई खरीदारी संभव है।

**कर्क**
परिवार के मुद्दों को प्यार और समझदारी से सुलझाने की जरूरत होगी। प्रॉपर्टी या लोन से जुड़े मामलों में अच्छी प्रगति हो सकती है।

**सिंह**
रुके हुए काम पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। बिजनेस में पार्टनर के साथ नई योजनाओं पर चर्चा लाभदायक साबित हो सकती है।

**कन्या**
आज बड़े सपनों को हकीकत में बदलने की शुरुआत हो सकती है। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको आत्मिक खुशी मिलेगी। यात्रा फिलहाल टाले।

**तुला**
आज सतर्कता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप हर स्थिति संभाल लेंगे।

**वृश्चिक**
आज परिवार और सेहत दोनों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। जीवनसाथी के साथ छोटी नोकझोंक हो सकती है, लेकिन रिश्ता और मजबूत होगा।

**धनु**
आज आपका प्रभाव और सम्मान दोनों बढ़ते नजर आएंगे। घर में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम से खुशियों का माहौल बनेगा। सरकारी कामों में प्रगति मिलने की संभावना है।

**मकर**
आज अधूरी इच्छाएं पूरी होने के संकेत हैं और मेहनत रंग लाती दिखाई देगी। बॉस आपकी कार्यशैली से खुश रहेंगे। समाज सेवा या परोपकार के कार्यों से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है।

**कुंभ**
नया काम शुरू करने का विचार फायदेमंद साबित हो सकता है। रिश्तेदारों के साथ छोटी बहस हो सकती है, लेकिन बड़ों का सहयोग आपको संभाल लेगा।

**मीन**
आज मन में चल रहा संशय आपको थोड़ा उलझन में डाल सकता है। कोई महत्वपूर्ण डील आखिरी समय में अटक सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. अमित कुमार ने पर्यावरण विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में दिया योगदान

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय,हिलसा,नालंदा में डॉ. अमित कुमार ने पर्यावरण विज्ञान



विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के स्थायी पद पर मंगलवार को योगदान दिया।प्रभारी प्रचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। डॉ. अमित कुमार बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से चयनित होकर के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के तहत एस यू कॉलेज हिलसा में पदस्थापित किये गए हैं। श्री अमित मूलतः बिहार के आरा जिला के निवासी हैं।इनकी शोध कार्यों में काफी रुचि है। जलचक्र में उन्होंने अमेरिका जाकर भी शोध कार्य किया है।उनके पदभार ग्रहण करने पर सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी है।

### सिकरिया व जम्हारू इमामगंज पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित

**पालीगंज पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सिकरिया एवं जम्हारू इमामगंज पंचायत में आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर के दौरान संबंधित अधिकारियों ने कहा कि सहयोग शिविर 'आपकी सरकार, आपके द्वार' संकल्प का हिस्सा है। अब हर पंचायत में रोस्टर के अनुसार शिविर लगेंगे। सभी विभागों के अधिकारी एक स्थान पर मिलेंगे, समस्याओं की सम्मानपूर्वक सुनवाई होगी और समयबद्ध समाधान होगा। उपस्थित अधिकारियों ने लोगों की बातों को गंभीरता से सुना तथा त्वरित समाधान की दिशा में आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। साथ ही, समस्याओं के व्यवस्थित निपटारे के लिए ग्रामीणों से लिखित शिकायत पत्र भी प्राप्त किए गए, ताकि मामलों की जांच कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर से उनकी समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है और समाधान की उम्मीद बढ़ती है। इस अवसर पर पालीगंज एसडीएम चंदन कुमार एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह,बीडीओ सुशील कुमार , सीओ महेश कुमार ,थानाध्यक्ष सुमन कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।



### अवैध बालू भंडारण पर छापेमारी, 10 हजार सीएफटी बालू जब्त, दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, 22 लाख 50 हजार की राजस्व हानि

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मसौढ़ी थाना क्षेत्र के इस्लामपुर और पुरनचक गांव में छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारित करीब 10,000 सीएफटी बालू जब्त किया है। जब्त बालू की कीमत लगभग 22.50 लाख रुपये आंकी गई है। इससे सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंची है।थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोपहर 2:30 बजे सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण रोकने के लिए चलाए गए अभियान में इस्लामपुर और पुरनचक गांव में बड़ी मात्रा में बालू का अवैध भंडारण मिला।स्थानीय लोगों से पूछताछ में भंडारणकर्ताओं की पहचान हुई। एक भंडारणकर्ता का नाम विरेन्द्र यादव, ग्राम-ढलकोचक, थाना-भगवानगंज,बताया गया। दूसरा नाम शनैश कुमार, ग्राम-पुरनचक, थाना-मसौढ़ी, सामने आया। पुलिस के अनुसार दोनों ने जिला खनन कार्यालय से भंडारण का लाइसेंस नहीं लिया था। खान निरीक्षक उत्तम मणी का कहना है कि भंडारणकर्ताओं ने बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली-2019 और संशोधित नियमावली-2026 के नियम 39 का उल्लंघन किया है। यह नियम-56 के तहत दंडनीय अपराध है। अवैध बालू भंडारण राज्य और राजस्व हित के खिलाफ है।पुलिस ने जब्त बालू को विधिवत सूचीबद्ध कर लिया है। भंडारणकर्ताओं के खिलाफ खनन नियमावली और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### तंबाकू और सूखा नशा के खिलाफ महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एस. यू. कॉलेज, हिलसा द्वारा मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में 'टोबैको फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूट अवेयरनेस प्रोग्राम' का भव्य आयोजन किया गया। 'टोबैको फ्री कैंपस : स्वस्थ युवा, सुरक्षित भविष्य' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं समाज के बीच तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा एक स्वस्थ एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवचन्द्र सिंह ने की, जबकि मंच संचालन मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा सह राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पिंकी कुमारी ने किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक एवं नैतिक रूप से भी जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के युवा यदि नशामुक्त जीवन का संकल्प लें, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में 'गुटखा छोड़ो आंदोलन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत निर्वाचन आयोग के नालंदा जिला स्वीप आइकन डॉ आशुतोष कुमार मानव उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि तंबाकू एवं नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक बनता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि यदि देश का युवा वर्ग नशे से दूर रहेगा, तभी स्वस्थ एवं विकसित भारत का निर्माण संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि नशा, नाश की जड़ है और इसकी गिरफ्त में आने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे अपने स्वास्थ्य, सम्मान, परिवार एवं भविष्य सब कुछ खो देता है। उन्होंने छात्रों को जागरूक करते हुए कई प्रेरणादायक नारे भी बुलंद किए, जिनमें - 'नशा का जो हुआ शिकार, उजड़ा उसका घर-परिवार', 'तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो', तथा 'स्वस्थ युवा, राष्ट्र की शक्ति' जैसे नारों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह का संचार किया।



# उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने किया 'सहयोग शिविर' का शुभारंभ

**19 विभागों ने सुनीं जनसमस्याएं ■मौके पर बांटे गए जॉब कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड, कन्या उत्थान और मातृ वंदन योजना के स्वीकृति पत्र**







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अब शिकायत लेकर प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बिहार सरकार ने जनता दरबार को गांव तक पहुंचा दिया है। उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने मंगलवार को पुनपुन प्रखंड के कल्याणचक पंचायत स्थित डेहरी गांव, रहमानी चक में दीप प्रज्वलित कर 'सहयोग शिविर' की शुरूआत की। 'सबका सम्मान, जीवन आसान' निश्चय के तहत आयोजित इस शिविर में तकरीबन 19 विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राशन कार्ड, पेंशन, जमीन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी समस्याओं का समाधान अब पंचायत स्तर पर ही होगा। आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। कन्या उत्थान योजना के तहत सौम्या कुमारी और शिवानी कुमारी को 2000-2000 रुपये, मातृ वंदना योजना में सीमा कुमारी को 5000 रुपये दिए गए। विकसित भारत के तहत जॉब कार्ड रजनीश पासवान और दुलारी देवी को मिला। सामाजिक सुरक्षा पेंशन का स्वीकृति पत्र शोभा देवी और रामाशीष मांझी को दिया गया। पिंकी कुमारी, गायत्री देवी, अलका कुमारी को राशन कार्ड स्वीकृति पत्र और स्वास्थ्य विभाग से यूडीआईडी कार्ड भी बांटे गए। उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने कहा कि सहयोग शिविर 'आपकी सरकार, आपके द्वार' संकल्प का हिस्सा है। अब हर पंचायत में रोस्टर के अनुसार शिविर लगेंगे। सभी विभागों के अधिकारी एक स्थान पर मिलेंगे, समस्याओं की सम्मानपूर्वक सुनवाई होगी और समयबद्ध समाधान होगा। पहले दिन सैकड़ों ग्रामीण शिविर में पहुंचे। वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड सुधार और नल-जल योजना से जुड़े कई आवेदनों का मौके पर निपटारा हुआ। कार्यक्रम में विधान पार्षद रविन्द्र सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन, एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, एसडीएम अभिषेक कुमार, एलआरडीसी कोमल किरण, मजिस्ट्रेट धर्मवीर, बीडीओ, सीओ समेत जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। ग्रामीणों ने पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे समय और पैसे दोनों बचेंगे।

## ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री से सहयोग शिविर मे आवेदन देकर पहल की मांग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप को लेकर पुनपुन प्रखंड के किसानों का बिरोध अभी भी जारी है। हालांकि पिछले सप्ताह कई मंत्री सांसद से मिलकर इस मुद्दे पर पहल करने की गुजारिश भी की है। ऐसे में मंगलवार को आयोजित पुनपुन प्रखंड के डेहरी गांव में सहयोग शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी से इस समस्या पर समाजसेवी मनिष कुमार ने किसानों के प्रतिनिधि के तौर पर उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर पहल करने की मांग की गई है। जहां आवेदन लेकर आश्वासन दिया है।बहरहाल किसानों का कहना है कि वे विकसित बिहार के निर्माण मे अपना सहयोग देने को तैयार है.बशर्ते सरकार हमे उचित मुआवजा समेत अन्य मांगो की पूर्ति करने की गारंटी दे. उन्होने कहा कि



टाउनशिप के लिये अधिग्रहित भूमि का 75 प्रतिशत भूमि किसानों को वापस दी जाये और शेष बची 25 प्रतिशत भूमि का बाजार मूल्य के चार गुणा मुआवजा दिया जाये। इस दौरान किसानों को कोई आवश्यकता आ पडती है ,जैसे लड़की की शादी, बीमारी, बच्चो की पढ़ाई उस स्थिति मे जमीन बिक्री पर लगी रोक की बजह से किसानो को बैंक से बिना ऋण के आवश्यकतानुसार ऋण देने की गारंटी सरकार दे।किसानों का कहना है कि वे विकास के विरोध में नहीं हैं, बल्कि सरकार के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहते हैं. हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उचित मुआवजा और उनकी मांगों की पूर्ति के बिना वे जमीन देने के लिए तैयार नहीं है.किसानो कि कहना है कि अब इस मुद्दे को लेकर प्रखंड के पंचायतो मे जाकर किसानों को एकजुट करते हुये आगे का आन्दोलन फूंका जायेगा।

## 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के तहत मसौढ़ी और धनरूआ की पंचायतों में लगे सहयोग शिविर

**विधायक अरुण मांझी ने रेवां में किया उद्घाटन**







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'सबका सम्मान, जीवन आसान' निश्चय योजना के तहत मसौढ़ी और धनरूआ समेत विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में मंगलवार को 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।मसौढ़ी प्रखंड के भैसवां और रेवां पंचायत में सहयोग शिविर लगाए गए। रेवां पंचायत में विधायक अरुण मांझी ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। धनरूआ प्रखंड की पंचायत में भी सहयोग शिविर का आयोजन हुआ। यहां बीडीओ, सीओ सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए और ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। विधायक अरुण मांझी ने कहा कि सहयोग शिविर 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के संकल्प को धरातल पर उतारने और 'आपकी सरकार, आपके द्वार' संकल्पना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इसके तहत आम नागरिक अपनी समस्या, शिकायत एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे और उसका द्रुत एवं प्रभावी समाधान होगा। अब जनता की हर समस्या का समाधान उनके पंचायत में ही होगा। सभी विभागों के अधिकारी पंचायत में एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगे। लोगों की समस्याओं की सम्मानपूर्वक सुनवाई और समयबद्ध समाधान किया जाएगा। शिविर में राशन कार्ड, पेंशन, जमीन, बिजली, पानी और कृषि से जुड़े मामलों पर आवेदन लिए गए। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया।

### नेवा गांव में दर्जनों भट्ठियां ध्वस्त, 150 लीटर महुआ शराब जब्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब अभियान के तहत मंगलवार को पीपरा थाने की पुलिस ने नेवा गांव में छापेमारी कर दर्जनों शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 150 लीटर महुआ से निर्मित देसी शराब भी जब्त की है।थानाध्यक्ष ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि नेवा गांव में धड़ल्ले से शराब चुलाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद टीम गठित कर गांव को चारों तरफ से घेरकर छापेमारी की गई।छापेमारी में पुलिस ने शराब बनाने के दर्जनों उपकरण, चूल्हे और भट्ठियों को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया। जब्त शराब को भी नष्ट करने की कार्रवाई की गई।

## अथमलगोला की कल्याणपुर पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन

**अथमलगोला/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र अधीन कल्याणपुर पंचायत सरकार भवन में सम्राट सरकार की महात्वाकांक्षी पहल



सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर अधिकारियों ने जनता की समस्या, शिकायत एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उन्हें त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आमजनों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल बनाए गए थे। जिसके माध्यम से लोग भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड,आवास योजना, पेयजल,सड़क,बिजली, स्वास्थ्य एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों को अधिकारियों के समक्ष रख रहे थे। वरीय प्रभारी विनय कुमार ने ग्रामीणों को सहयोग शिविर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सहयोग शिविर केवल योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम नहीं,बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में पूरी पारदर्शिता एवं तत्परता बरती जाए तथा योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ निर्धारित समय पर उपलब्ध कराया जाए।उन्होंने कहा कि जो शिविर में नहीं आ सके वे सहयोग पोर्टल के माध्यम से सरकार तक अपनी समस्या पहुंचा कर समाधान पा सकते है। बीडीओ ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को इस तरह के शिविर का आयोजन पंचायतों में जिला के निदेर्शानुसार लगाया जाना है। इसी क्रम में मंगलवार को इस प्रखंड का पहला शिविर इस पंचायत में लगा है। जिसमें कुल 159 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं मुखिया ने कहा कि जनता का सरकार से सीधा संवाद स्थापित करने का यह एक सरल माध्यम है। जनता भी आशान्वित है।

### विवाहिता को गले मे फंदा डालकर मार देने का आरोप, शव को किया गायब

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन के केवड़ा थाना स्थित तेलियनपर गांव निवासी गांगा बिंद की 30 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी को बीते रविवार की रात गले मे फंदा डालकर मार देने का एक मामला प्रकाश में आया है. आरोप है कि मृतका के पति शादी के बाद ससुराल से जबरन ईएमआई पर बाईक ली थी और उसका ईएमआई देने के लिये पत्नी को मायके से पैसा मागने का दबाब दे रहा था. मायके वालों द्वारा इंकार करने से नाराज पति गंगा बिंद व उसके भाई व भाभी एवं उसके पुत्र ने मिलकर गले मे फंदा डालकर उसकी हत्या कर दी और शव को गायब कर दिया. इस संबंध में मृतका की विधवा मां सह बिहारशरीफ दीपनगर थाना स्थित तुंगी गांव निवासी दिवंगत नरेश बिद की विधवा मुन्नी देवी ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है.

## टीपीएस कॉलेज में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपीएस कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों को नया जीवन दे सकता है। युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए ताकि समाज में सेवा और संवेदना की भावना मजबूत हो सके। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. रूपम ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाविद्यालय केवल



शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 81 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों ने भी लाभ उठाया। मीडिया समन्वयक डॉ. मुकुंद कुमार ने बताया कि महाविद्यालय भविष्य में भी समाजोपयोगी एवं जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

### दो नामजद आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के खैनिया गांव के पास हुए पुलिस हमले में फरार चल रहे हैं दो नामजद आरोपियों को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए दो युवकों में पिंटू कुमार पिता बाबूलाल एवं बिन्ना कुमार पिता दीनदयाल दोनो खैनिया गांव निवासी है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि बीते 15 मार्च को सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई थी, पुलिस घटना स्थल पर जैसे ही पहुंची थी तो भीड़ से लोगों ने ईट पत्थर चला कर पुलिस पर जानलेवा हमला शुरू कर दिया था।

## नियो फार्मा पटना में लॉन्च, बिहार में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाई

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अगली पीढ़ी की फार्मास्युटिकल कंपनी रे नियो फार्मा ने पटना में अपना कामकाज औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है। एक प्रेस मीट में कंपनी ने अपनी लंबी अवधि की स्वास्थ्य योजना, क्षेत्रीय विस्तार की दिशा और मरीजों को बेहतर देखभाल देने पर अपने फोकस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रे नियो फार्मा पटना को प्रमुख केंद्रों में से एक मानता है । मरीज उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए पटना जैसे शहरों पर निर्भर रहते हैं, इसलिए कंपनी इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और इलाज की निरंतरता को मजबूत करने के अच्छे अवसर देख रही है। रे नियो फार्मा पटना में स्वास्थ्य सेवाओं की कई जरूरतों को पूरा करने के लिए किफायती और अच्छी गुणवत्ता वाली दवाओं का पोर्टफोलियो ला रही है और साथ ही नियमित उपलब्धता पर भी ध्यान देगी। पटना में रे नियो फार्मा के क्षेत्रीय फोकस में एंटीबायोटिक्स, एंटी-डायबिटिक दवाएं, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल उत्पाद, दर्द और ऑर्थोपेडिक मैनेजमेंट, एलर्जी और रेस्पिरेटरी केयर, कार्डियक थेरेपी,





डर्मेटोलॉजी और प्रोटॉन पंप इन्हिबिटर्स शामिल हैं, जो बिहार के मरीजों की बदलती स्वास्थ्य जरूरतों को दर्शाते हैं।रे नियो फार्मा 90 से ज्यादा फॉर्मूलेशंस का पोर्टफोलियो पेश कर रही है, जिसमें एक्यूट और क्रॉनिक दोनों तरह की थेरेपी शामिल है। रे नियो फार्मा के फाउंडर अमित पाटनी ने कहा, "बिहार अपने स्वास्थ्य परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देख रहा है, जो बढ़ती जागरूकता, क्रॉनिक बीमारियों के बढ़ते मामलों और मेट्रो शहरों से बाहर गुणवत्तापूर्ण इलाज की बढ़ती मांग से प्रेरित है। पटना पूर्वी भारत के सबसे अहम स्वास्थ्य केंद्रों में से एक बन चुका है, जहां उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए लोग इस शहर पर निर्भर रहते हैं।इसलिए हम बिहार को बड़ी संभावनाओं वाला और रणनीतिक रूप से जरूरी बाजार मानते हैं।

## 'स्टाइल का नया अंदाज' कैंपेन के जरिए फ्लाइट फूटवियर का प्रमोशन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के प्रमुख फैमिली फैशन फुटवियर ब्रांड, फ्लाइट ने अपना नया कैंपेन 'स्टाइल का नया अंदाज' लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी नई बकल रेंज भी पेश की है, जिसे रोज पहनने वाले ओपन फुटवियर में आराम और मॉडर्न स्टाइल का बेहतरीन मेल देने के लिए डिजाइन किया गया है। आज के समय में फुटवियर सिर्फ जरूरत नहीं रहा, बल्कि यह लोगों की पर्सनल स्टाइल का हिस्सा बन चुका है। 'स्टाइल का नया अंदाज' कैंपेन के जरिए फ्लाइट इस बदलाव को सेलिब्रेट कर रहा है और लोगों को ऐसे लुक्स अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है, जो आसान, ट्रेंडी और कॉन्फिडेंट दिखें। इस नई रेंज में सिंगल स्ट्रैप और डुअल स्ट्रैप स्टाइल्स शामिल हैं, जिनमें एडजस्टेबल बकल दिया गया है, जो आराम, फ्लेक्सिबिलिटी और स्टाइल तीनों का बेहतरीन संतुलन देता है। सिंपल डिजाइन और न्यूट्रल, अर्थी टोन व सॉफ्ट पेस्टल जैसे रंगों के साथ यह कलेक्शन इस तरह तैयार किया गया है कि यह डेली फुटवियर के मामले में आसानी से फिट हो सके। इस प्रकार, हर पेयर स्टाइलिश होने के साथ ही साथ भरोसेमंद भी है। कंपनी के को-चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और होल टाइम डायरेक्टर गौरव कुमार दुआ ने कहा, "आज के समय में लोग फुटवियर को एक अलग नजरिए से देख रहे हैं, क्योंकि यह उनकी पर्सनल स्टाइल का हिस्सा बन गया है। 'स्टाइल का नया अंदाज' कैंपेन के जरिए हम लोगों को कुछ नया ट्राय करने और खुद को ज्यादा कॉन्फिडेंस के साथ एक्सप्रेस करने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

## एनसीसी कैडेट्स को सेना में भर्ती की दी गई जानकारी





**जेडआरओ दानापुर के अधिकारियों ने बताया करियर का रास्ता**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 29 बिहार बटालियन एनसीसी, पटना द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर ATC-II के दौरान कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया और करियर अवसरों से अवगत कराया गया। इसके लिए जोनल भर्ती कार्यालय मुख्यालय, दानापुर की ओर से विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेडआरओ दानापुर से आए मेजर (डॉ.) प्रशांत नुने एवं सूबेदार मेजर अशोक कुमार ने कैडेट्स को सेना भर्ती की पूरी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने आवश्यक योग्यता, चयन प्रणाली, शारीरिक और लिखित परीक्षा की तैयारी के टिप्स साझा किए। साथ ही सेना में अधिकारी और जवान स्तर पर उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी।अधिकारियों ने कैडेट्स को अनुशासन, शारीरिक फिटनेस और सकारात्मक सोच के महत्व पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को देश सेवा के लिए भारतीय सेना से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान कैडेट्स ने उत्साह के साथ कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से जवाब दिया।29 बिहार एनसीसी पटना के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार ने कहा कि इस तरह के मार्गदर्शन कार्यक्रम कैडेट्स को भविष्य के प्रति जागरूक और प्रेरित करते हैं। ऐसे सत्रों से कैडेट्स को सही दिशा मिलती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनसीसी स्टाफ और प्रशिक्षण दल का विशेष योगदान रहा। शिविर में बड़ी संख्या में कैडेट्स मौजूद रहे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### विरोध प्रदर्शन करने पर हुए मुकदमे में नेताओं को मिली जमानत



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महंगाई के खिलाफ 2018 में संपूर्ण विपक्ष के द्वारा भारत बंद के आह्वान पर जमालपुर बंद की भी घोषणा पिछले साल की गई थी। महंगाई के खिलाफ जमालपुर बंद को सफल करने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे उस समय के राजद नगरध्यक्ष नरेश कुमार यादव उर्फ मंटू यादव, राजद जिला उपाध्यक्ष कन्हैया सिंह, जमालपुर कांग्रेस नगर अध्यक्ष साईं शंकर, सपा नगरध्यक्ष अमर शक्ति सपा महासचिव शैलेश प्रजापति, मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति, सपा नेता राजकुमार शर्मा एवं डॉक्टर सुधीर प्रसाद गुप्ता पर जमालपुर रेल प्रशासन के द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। जिस पर आरपीएफ इंस्पेक्टर के द्वारा चार्जशीट जमा होने के बाद न्यायालय रेल न्यायिक दंडाधिकारी ने सम्मन जारी कर इन सभी अभियुक्तों को सरेंडर करने को कहा गया था। मंगलवार को इन सभी अभियुक्तों ने न्यायालय रेल न्यायिक दंडाधिकारी कुंदन कुमार गुप्ता लखीसराय के कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। तत्पश्चात सभी अभियुक्तों को बंद पत्र दाखिल करने के बाद जमानत पर मुक्त किया गया।

### सहयोग शिविर के माध्यम से 104 आवेदनों पर हुई चर्चा



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा पूरे बिहार में सहयोग शिविर का शुभारंभ करने के बाद पंचायत में इसका शुभारंभ किया गया। जमालपुर प्रखंड के इटहरी पंचायत में आयोजित सेवा शिविर के माध्यम से 104 आवेदन के माध्यम से जनता के समस्या का समाधान के दिशा में पहला किया गया। जबकि शिविर में पहुंचे बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाल ने शिविर में उपस्थित कई लाभुकों को स्वीकृति पत्र वितरण कर सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिए। उन्होंने नागरिकों की समस्या के समाधान के प्रति अधिकारियों को गंभीर रहने की बात कही। एडीएम संजय कुमार ने कहा कि शिविर में आए आवेदन पर 30 दिनों के अंदर करवाई होना है और सभी संबंधित पदाधिकारी की जवाब देही भी बनती है। इधर जमालपुर प्रखंड इटहरी पंचायत में सहयोग शिविर की सफलता पर बीडीओ डॉ प्रभात रंजन ने जनता जनप्रतिनिधि को विशेष रूप से बधाई दिए।

### मोकामा में तीन पंचायतों में लगा सहयोग शिविर



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मोकामा प्रखंड के औंटा और रामपुर डुमरा पंचायत सरकार भवन, तथा घोसवरी प्रखंड के ढनकडोव पंचायत सरकार भवन में लगाया गया।शिविर में श्रम विभाग, पीएचईडी, नल जल योजना, स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय थाना, अंचल कार्यालय और बिजली विभाग समेत प्रखंड स्तर के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों की समस्याएं सुनीं।सहयोग शिविर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। तीनों पंचायतों में दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित लिखित आवेदन संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपे।मोकामा के प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द निबटारा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अंजनी कुमार और प्रखंड प्रमुख भवेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

### मोकामा के कुख्यात हिमांशु उर्फ मिक्की समेत तीन गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गाजियाबाद पुलिस ने मोकामा थाना में करीब एक दर्जन मामलों के आरोपी हिमांशु उर्फ मिक्की को उसके दो साथियों समेत धर दबोचा। स्थानीय लोगों की शिकायत पर निवाड़ी थाना पुलिस ने फ्लैट में छापा मारकर यह कार्रवाई की।मुख्य आरोपी हिमांशु उर्फ मिक्की, मोकामा का रहने वाला, जिस पर करीब 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं।साथ ही मोलदियार टोला निवासी अनमोल और बरही टोला निवासी मनीष कुमार शामिल है। गिरफ्तारी गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र के एक फ्लैट से किया गया है।पुलिस ने तीनों के कब्जे से 94 लीटर विदेशी शराब और लगभग 700 ग्राम गांजा बरामद किया है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मोकामा पुलिस जल्द ही हिमांशु उर्फ मिक्की को रिमांड पर लेने गाजियाबाद जाएगी। मिक्की पर मोकामा थाने में दर्जनों मामले पहले से लंबित हैं और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

### उप विकास आयुक्त की अगुवाई में सहयोग शिविर का आयोजन

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन मंगलवार के दिन किया गया, बिहार सरकार के चलाए गए सात निश्चय 3,0 निर्धारित समय सीमा में की गई, प्रखंड क्षेत्र के आंध्रा पंचायत और मंझरिया में लगी थी, कैम्प के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त डाक्टर प्रदीप कुमार थे,इस निर्धारित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार, अंचलाधिकारी अनामिका सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डाक्टर सन्तोष कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी पूजा कुमारी के मौजूदगी में आवेदन ली गई, प्रखंड क्षेत्र से पहुंचे फरियादीयो ने अपना अपना फरियाद लेकर काउंटर पर जमा किए, कैम्प में सभी विभागों के कक्ष बनाए गए थे, जिसमें बिजली की समस्या, कृषि विभाग की खाद समस्या, आवास, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, पेंशन,को लेकर लोगों ने आवेदन जमा किए,इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैं सबका सम्मान जीवन आसान के बैनर तले कैम्प का आयोजन हुआ, इस कैम्प में पड़े आवेदन को तीस दिन के अन्दर समाधान करने का आदेश है अगर समय सीमा के अन्दर समाधान नहीं हुआ तो कार्रवाई संभव है।

## कमिश्नर प्रेम सिंह मीणा पहुंचे सहयोग शिविर

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ भव्य स्वागत



**अमरपुर (बांका)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमरपुर प्रखंड के फतेहपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर का मंगलवार को भागलपुर प्रमंडल के कमिश्नर प्रेम सिंह मीणा ने निरीक्षण किया। सुबह करीब 11 बजे शिविर स्थल पर पहुंचते ही पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर मौजूद बीडीओ प्रतीक राज समेत अन्य अधिकारियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जायजा लिया और वहां पहुंचे आवेदकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से आवेदन निष्पादन एवं सरकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। इस दौरान नए लाभुकों के बीच राशन कार्ड सहित कई सरकारी योजनाओं से संबंधित लाभों का वितरण भी किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। मौके पर बीडीओ प्रतीक राज, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, बीपीआरओ प्रणवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। सहयोग शिविर में लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन भी लिए गए। कमिश्नर ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और ऐसे शिविरों के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का समाधान एक ही जगह पर किया जा रहा है।

# 'सरकार आपके द्वार' की अवधारणा को साकार कर रहा सहयोग शिविर : मंत्री श्रवण कुमार

### हरपुर नाग, चिंतामणपुर और वीरपुर छपरा में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर प्रभारी मंत्री ने जनता की सुनी समस्याएं



**मोतिहारी/पू.चं./नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन समस्याओं का समाधान तय सीमा में सुनिश्चित किया जा सके इसको लेकर सहयोग शिविर के आयोजन के पहले चरण में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिला के सभी 27 प्रखंडों के दो-दो पंचायत में अर्थात जिला के कुल 54 पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसंपर्क विभाग - सह प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण श्रवण कुमार मेहसी, चकिया और पिपराकोठी के क्रमशः हरपुरनाग, चिंतामणपुर एवं वीरपुर छपरा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शिरकत किए और आमजन की समस्याओं को सुना। उनके साथ शिविर में माननीय विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, अनुमंडल पदाधिकारी चकिया एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।इस अवसर पर मंत्री ने बड़ी संख्या में शिविर में आए हुए नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। हरपुरनाग में आयोजित शिविर में मंत्री ने पात्र लोगों को राशन कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण किया। यहां पर कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 58 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन किया गया था। जो 02 आवेदन बचे हुए थे, उसका भी समय सीमा के अंदर शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। चिंतामणपुर पंचायत में कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 84 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया था।शेष बचे आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया गया। यहां पर 3245 जीविका समूह के दीदियों को कुल 51 करोड़ की योजना का चेक सांकेतिक रूप में दिया गया। वीरपुर छपरा में कुल 207 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 206 का निष्पादन किया जा चुका था। सिर्फ एक आवेदन का निष्पादन बचा था जिसको शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर मंत्री ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जो आमजन के हित में है। पहले अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड से लेकर जिला और राजधानी तक का लोगों को चक्कर लगाना पड़ता था परंतु सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अब समस्याओं का निष्पादन स्थानीय स्तर पर ही किया जाए और इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। समय सीमा के अंदर अगर समाधान नहीं होता है तो इसके लिए जरूरी दंड की भी व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि समस्याओं का हल हर हाल में कानून के अंतर्गत किया जाएगा। सरकार विकास और तरक्की का कार्य निरंतर कर रही है और इसमें जन सहयोग की भी अपेक्षा है। मंत्री ने अपने संबोधन में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का भी जिक्र किया और कहा कि आज राज्य के सबसे गरीब व्यक्ति के घर में भी बिजली पहुंची है और बल्ब जल रहा है। मनरेगा मजदूर के यहां भी बिजली का बल्ब जल रहा है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। सरकार ने 125 यूनिट बिजली फ्री की जिसका उद्देश्य था कि गरीब का घर आंगन भी रोशन हो। उन्होंने जल- जीवन-हरियाली योजना का भी जिक्र किया और कहा कि बदलते जलवायु परिवर्तन में वृक्षारोपण बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्यों नहीं हम सभी लोग अपने बच्चों के जन्मदिन पर पौधा लगाएं। उन्होंने माता-पिता के पुण्यतिथि पर भी पौधा लगाने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु गांव-गांव तक प्रशासनिक पहुंच सुनिश्चित कर रही है। सहयोग शिविर केवल समस्याओं के समाधान और योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम ही नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों के 158 आवेदन हुए प्राप्त, 118 मामलों का निष्पादन



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के खोड़ा एवं सरौगढ़ पंचायत में मंगलवार को बिहार सरकार के निर्देश पर विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 19 विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सरकारी योजनाओं एवं जनसुविधाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। सिकरहना एसडीओ विजय कुमार ने बताया कि दोनों पंचायतों में आयोजित शिविर में कुल 158 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 118 मामलों का निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 9 मामलों का निष्पादन किया गया। राशन कार्ड से जुड़े 11 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 4 मामलों का समाधान किया गया। पेंशन योजना के 7 आवेदन आए और सभी का निष्पादन कर दिया गया। वहीं पेंशन केवाईसी से संबंधित 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निष्पादन किया गया। आवास योजना से संबंधित 11 आवेदन मिले, जिनमें 10 मामलों का समाधान किया गया। शौचालय निर्माण से जुड़े सर्वाधिक 40 आवेदन प्राप्त हुए और सभी मामलों का निष्पादन कर दिया गया। भूमि विवाद से संबंधित 5 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4 मामलों का समाधान किया गया। मनरेगा योजना से जुड़े 14 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 13 मामलों का निष्पादन हुआ। मापी से संबंधित 8 आवेदन आए और सभी मामलों का समाधान किया गया। वहीं दाखिल-खारिज से संबंधित 31 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 14 मामलों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित 10 आवेदन भी प्राप्त हुए। कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया तथा शेष मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का आश्वासन दिया।

## जंगल में तब्दील हुई रेल कॉलोनी रामपुर

### नियमित रूप से झाड़ जंगल की कटाई नहीं होने से भय में जी रहे रेलकर्मी

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे कॉलोनियों की हालत दिनोंदिन बदतर होती जा रही है।रामपुर कॉलोनी में रहने वाले रेलकर्मी और उनके परिवार नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। जगह-जगह फैले जंगल-झाड़, जाम नालियां, टूटी सड़कें और गंदगी का अंबार कॉलोनी की बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। क्वार्टरों के आसपास उगी झाड़ियां और आवारा जानवरों का विचरण लोगों के लिए खतरा बन गया है, लेकिन रेलवे प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। रामपुर, दौलतपुर, ईस्ट कॉलोनी और लोको कॉलोनी आती हैं। इनमें ईस्ट कॉलोनी में रेलवे अधिकारियों का अधिक आवास होने के कारण वहां नियमित सफाई, मरम्मत, रंगरोगन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर रामपुर और दौलतपुर कॉलोनी के रेलकर्मी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। लोको कॉलोनी भी वीरान और उपेक्षित पड़ी है। रामपुर कॉलोनी के रेलकर्मियों और उनके परिवारों का आरोप है कि रेलवे प्रशासन हर साल कॉलोनियों की साफ-सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये का टेंडर जारी करता है, लेकिन धरातल पर इसका असर कहीं नजर नहीं आता। कुछ दिनों तक खानापूर्ति के तौर पर सफाई अभियान चलता है, फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर लौट आता है। नालियों की सफाई नहीं होने से जलजमाव बना रहता है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। कॉलोनी वासी उषा देवी, प्रियंका कुमारी, राजीव कुमार, देव शंकर, बालेश्वर, संजीव कुमार, प्रमोद कुमार ने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले लोग लगातार गंदगी और असुविधाओं के बीच जीवन गुजार रहे हैं। उनका आरोप है कि रेलवे अधिकारी और ठेकेदार सिर्फ कागजों पर सफाई दिखाकर करोड़ों रुपये का बंदरबांट कर लेते हैं। गौरतलब है कि इसी वर्ष पूर्व रेलवे कोलकाता के महाप्रबंधक मिलिंद देवऊकर जमालपुर आए थे। उन्होंने रामपुर और दौलतपुर कॉलोनियों का निरीक्षण कर वहां की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई थी और साफ-सफाई एवं सुविधाओं में सुधार के निर्देश भी दिए थे। बावजूद इसके अब तक स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है।

## श्रावणी मेला 2026 की तैयारी शुरू, डीएम-एसपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन में आगामी श्रावणी मेला 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मेला से जुड़ी तैयारियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आधारभूत व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को कांवरिया पथ पर स्थित धर्मशालाओं एवं अन्य संरचनाओं का रंग-रोगन और साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं पथ प्रमंडल को कांवरिया मार्ग पर बालू बिछाने, पथ समतलीकरण एवं नियमित सफाई कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को कांवरिया पथ पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही पर्यटन विभाग को कैफेटेरिया, रैन शेल्टर और पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई, मरम्मत एवं आवश्यक सुविधाओं को समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष मंथन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को मेला अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रशासन का लक्ष्य इस वर्ष श्रावणी मेला को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालु-अनुकूल बनाना है, ताकि देशभर से आने वाले कांवरियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### बौंसी की बेटी आर्या आनंद ने बढ़ाया मान

## 'विकसित भारत बिल्डाथॉन' में जिला स्तर पर चयन



**बौंसी/बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बौंसी बाजार स्थित एलएनडी प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा आर्या आनंद ने अपनी प्रतिभा और नवाचारी सोच से जिले का नाम रोशन किया है। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित 'विकसित भारत बिल्डाथॉन ' प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के अंतर्गत उनका आइडिया जिला स्तर पर चयनित हुआ है। देशभर के हजारों छात्र-छात्राओं और युवाओं के बीच आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में आर्या आनंद ने 'विकास के पथ पर- भविष्य का समृद्ध भारत' विषय पर अपना अभिनव आइडिया प्रस्तुत किया। आर्या ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि आने वाले समय में रोबोटिक्स विज्ञान भारत के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अपने आइडिया में राष्ट्र निर्माण में बेटियों की भागीदारी और उनकी शक्ति को भी प्रमुखता से शामिल किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत' था, जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों को किसी एक थीम पर अपना नवाचारी विचार प्रस्तुत करना था। आर्या आनंद की रचनात्मक सोच और दूरदर्शिता ने निर्णायकों को प्रभावित किया, जिसके परिणामस्वरूप उनका चयन जिला स्तर पर किया गया। इस उपलब्धि पर केंद्र सरकार की ओर से आर्या आनंद को दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। विद्यालय परिवार ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है। विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार त्रिभुवन के मार्गदर्शन को इस सफलता का अहम आधार माना जा रहा है। छात्रा की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी देवनारायण पंडित, डीपीओ समग्र शिक्षा राज कुमार राजू, गुणवत्ता शिक्षा समन्वयक मनोहर सिंह, साधन सेवी विनय कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार त्रिभुवन, सहित कई लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## भारी मात्रा में शराब के साथ दो कुख्यात तस्कर गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस को शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। थाना क्षेत्र के चिंतामणि चक स्थित पुरवारी टोला से पुलिस ने दो कुख्यात शराब तस्करों को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चिंतामणि चक के वार्ड नंबर 27 निवासी राहुल कुमार और सकरवार टोला निवासी छोटू सिंह उर्फ राहुल राज को शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा। पूछताछ में मिली निशानदेही पर पुलिस ने छोटू सिंह के घर छापेमारी की, जहां से 227 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी छोटू सिंह के मकान को तत्काल सील कर दिया है।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक कार, एक मोटरसाइकिल और एक साइकिल भी बरामद की है। इन वाहनों का इस्तेमाल शराब की तस्करी के लिए किया जा रहा था। थानाध्यक्ष के अनुसार, इस कार्रवाई से मोकामा में चल रहे अवैध शराब के कारोबार की कमर टूट गई है। फिलहाल पुलिस इस गिरोह के सरगना विनीत कुमार की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## 'सखी वार्ता' में बाल विवाह और महिला अधिकारों पर जागरूकता

### आंगनवाड़ी सेविकाओं को दिलाई गई शपथ



**बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी बांका नवदीप शुक्ला के निदेशानुसार महिला एवं बाल विकास निगम, बांका के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन डी एच ई डब्लू , बांका द्वारा समेकित बाल विकास परियोजना सदर प्रखंड कार्यालय, बांका में आंगनवाड़ी सेविकाओं के साथ 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों को बाल विवाह, लैंगिक हिंसा, दहेज प्रथा एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें उपलब्ध सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी प्रदान करना था। सखी वार्ता के दौरान उपस्थित सेविकाओं को बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ कानूनन अपराध भी है। इसके दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के महत्व को समझाया गया। साथ ही विवाह की वैधानिक आयु एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, पोषण, कौशल विकास एवं साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। महिलाओं को संकट की स्थिति में उपलब्ध सेवाओं—जैसे कानूनी सहायता, परामर्श सेवा, चिकित्सा सहायता, अस्थायी आश्रय एवं पुलिस सहयोग—की जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं किशोरियों को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक एवं जेंडर स्पेशलिस्ट मोहम्मद महबूब आलम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विवाह उन्मूलन के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। वहीं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ शेखर कुमार दास द्वारा वन स्टॉप सेंटर एवं जिला हब द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीकांत कुमार द्वारा उपस्थित सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं को बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूक समाज निर्माण हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई।

## नन्हे बच्चों के भाव नृत्य को देखकर अभिभावक हुए प्रसन्न

### कोलिन्स किड्स में छह दिवसीय मदर्स डे समारोह भव्यता के साथ जारी









**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्यालय परिसर में कोलिन्स किड्स के एल.के.जी. 'अ' के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित छह दिवसीय 'मदर्स डे सेलिब्रेशन' बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।तृतीय दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक उमेश प्रसाद सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर सूरज सर तथा अकादमिक इंचार्ज भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह एवं एडमिनिस्ट्रेटर सूरज सर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में मां के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अपने माता-पिता का सम्मान करने की सीख दी।इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों जैसे अलीना, दिव्या, अपराजिता, अन्वी प्रीत, शान्वी, विशाखा, अक्षत, आयांश, आरोही, चेतन, अरनव, वैष्णवी, सृष्टि, विरज, अभिषेक और कई ने मां पर आधारित गाने जैसे 'मां मेरी प्यारी मां, आयो रे शुभ दिन आयो, ऐसा क्यों मां' में रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए एवं भावपूर्ण माँ पर आधारित 'मेरी प्यारी मां' और कविताएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित 'सुपर मॉम्स' के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों जैसे ब्लाइंड फोलड का आयोजन किया गयो समारोह का विशेष आकर्षण सुपर मॉम्स द्वारा केक कटिंग रहा, जिसने पूरे वातावरण को भावुक और आनंदमय बना दिया। मांओं एवं बच्चों के द्वारा सेल्फी पॉइंट में इस यादगार पल को कैद कर लिया गया।अंत में चांदनी मिस के द्वारा माँओं को सम्मान देते हुए 'कितना हंसाती हैं' गाना अन्य माँ के साथ गायाकार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अकादमिक इंचार्ज के रूप में प्रणव सर एवं चांदनी मिस ने अपनी जिम्मेदारियाँ निभाईं। कार्यक्रम समन्वयक के रूप में करीना मिस ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसके अतिरिक्त तान्या मिस, अलिशा मिस, प्रियंका मिस, मेधा मिस, प्रगति मिस और अनिषा मिस, ने अथक परिश्रम कर कार्यक्रम को सफल बनाया।अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी माताओं, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

# अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में औरंगाबाद जिले की कुल 14 ग्राम पंचायतों में "सहयोग शिविर" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू की गई, वहीं पूर्व से लंबित मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान कर हजारों ग्रामीणों को राहत पहुंचायी गयी। शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन सहायता, कृषि, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं पर सुनवाई की गयी। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा




संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की गयी। इसी क्रम में पंचायती राज विभाग के सचिव-सह-औरंगाबाद जिला के प्रभारी सचिव मनोज कुमार द्वारा दाउदनगर प्रखंड के तरारी पंचायत एवं ओबरा प्रखंड के डिहरी पंचायत आयोजित सहयोग शिविरों का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने शिविर में उपस्थित लाभुकों से बातचीत कर योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कई लाभुकों को प्रभारी सचिव द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर प्रशासनिक जवाबदेही एवं जनसरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण है। सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था एवं नियमित निगरानी के माध्यम से सरकार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर कई लाभुकों को प्रभारी सचिव द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत स्वीकृति पत्र, पेंशन लाभ, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी सहित जिले के सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों का भ्रमण किया गया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए शिविरों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# धमनी पंचायत सरकार भवन में लगा सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारुन**। प्रखंड अंतर्गत धमनी पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को भव्य "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान उपलब्ध कराना था। शिविर में विभिन्न विभागों के 21 स्टॉल लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का निष्पादन कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी सह पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार शामिल हुए। उन्होंने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली तथा पंचायत सरकार भवन का भी जायजा लिया। शिविर में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, उज्ज्वला योजना, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, सामाजिक सुरक्षा कार्यालय, बैंकिंग सेवा, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, योजना एवं विकास विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पंचायती राज विभाग, सांख्यिकी कार्यालय, बारुण थाना तथा जन शिकायत सहायता काउंटर सहित कुल 21 स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर राशन कार्ड, बिजली बिल सुधार, स्वास्थ्य जांच, पेंशन, कृषि सलाह, बैंकिंग सुविधा, रोजगार, पेयजल, आवास एवं राजस्व से संबंधित मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ही समस्याओं का समाधान होने से उन्हें प्रखंड कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े, जिससे काफी राहत मिली। इस अवसर पर डीसीएलआर स्वेतांक लाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, एसडीपीओ, बारुण बीडीओ नीरज कुमार, सीओ मंजेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय सिन्हा, कनीय विद्युत अभियंता अजीत रंजन, आरओ विवेक कुमार, शिक्षाविद रामप्रताप भारती सहित कई अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन गंभीर

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के ओवरब्रिज के समीप मंगलवार सुबह करीब 10 बजे ठेला एवं बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान पौथू थाना क्षेत्र के रूखुआ खराटी गांव निवासी बालेश्वर पासवान के पुत्र राहुल पासवान, गोह थाना क्षेत्र के चापुक निवासी रामचंद्र पासवान तथा ठेला मालिक गोरडिहा पंचायत के बनौली गांव निवासी माणिक चौधरी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बाइक चालक राहुल पासवान ने बताया कि वह मदनपुर से अपने ससुर रामचंद्र पासवान को लेकर चापुक जा रहे थे। इसी दौरान रफीगंज ओवरब्रिज के समीप सामने से आ रहे ठेला से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु तीनों को मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### बहु और पुत्र ने पिता को पीटा, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के कोटवारा गांव में मंगलवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर पुत्र एवं बहु द्वारा पिता के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में 65 वर्षीय कमता यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार जमिन विवाद को लेकर कमता यादव का अपने बड़े पुत्र रामदहिन यादव एवं बहु निर्मला देवी से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे कमता यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने घायल को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पत्नी ने बताया कि जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। फिलहाल घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पंडित राजकुमार शुक्ला की पुण्यतिथि आज, ब्रह्म भट्ट समाज ने लोगों से की शामिल होने की अपील

**औरंगाबाद**। अखिल भारतीय श्री भट्ट ब्राह्मण महासभा, औरंगाबाद की ओर से चंपारण सत्याग्रह के प्रेरणास्रोत एवं स्वतंत्रता आंदोलन के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व पंडित राजकुमार शुक्ला की पुण्यतिथि 20 मई 2026, बुधवार को मनाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद स्थित श्री सूरज राय के आवास पर किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3:30 बजे से होगी। इस अवसर पर ब्रह्म भट्ट समाज के लोगों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहने की संभावना है। अखिल भारतीय श्री भट्ट ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष राजू कुमार राय ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ला ने ही महात्मा महात्मा गांधी को बिहार बुलाकर चंपारण सत्याग्रह की नींव रखी थी। उनके प्रयासों से ही किसानों की आवाज राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकी और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि समाज के शिरोमणि पंडित राजकुमार शुक्ल की पुण्यतिथि मनाकर उनके योगदान को याद किया जाएगा तथा नई पीढ़ी को उनके संघर्ष और त्याग से प्रेरणा लेने का संदेश दिया जाएगा।

### 153 आवेदनों का निष्पादन

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो**। ओबरा प्रखंड की डिहरी पंचायत में मंगलवार को 'आपकी समस्या, हमारी प्राथमिकता' कार्यक्रम के तहत एक विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर आयोजित इस पंचायत स्तरीय शिविर में कुल 153 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना था। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा करने के लिए शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन बिहार सरकार पंचायती राज विभाग के सचिव सह औरंगाबाद प्रभारी सचिव मनोज कुमार, एडीएम आपदा उपेन्द्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तखार अहमद, एसडीओ अमित कुमार राजन, एसडीपीओ अशोक कुमार दास, अंचलाधिकारी हरिहरनाथ पाठक, बीडीओ मोहम्मद यूनिस सलीम, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार, बीआरपी मीरा कुमारी, कृषि पदाधिकारी रागनी कुमारी, मुखिया दिलीप कुमार, सरपंच शत्रुघ्न कुमार एवं सरपंच संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में सभी अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। विभिन्न विभागों के लिए कुल 24 काउंटर लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। प्राप्त 153 आवेदनों में से कई मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया जबकि शेष पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही सरकारी सुविधाएं और उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरकारी कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 26 से 31 मई के बीच होगा सशक्त स्थाई समिति का चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले में बिहार के नगर निकायों में सशक्त स्थाई समिति सदस्य पद के निर्वाचन का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव मनोज कुमार ने मंगलवार को सभी डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) को पत्र जारी कर 26 मई से 31 मई के बीच चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने का निर्देश दिया है। आदेश जारी होते ही औरंगाबाद जिले समेत विभिन्न नगर निकायों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इससे पहले विभाग ने 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कई जिलों में तिथियां भी निर्धारित कर दी गई थीं, लेकिन 15 अप्रैल को जारी विभागीय पत्र में अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए चुनाव प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया था। हालांकि जिन नगर निकायों में चुनाव पहले ही संपन्न हो चुका था, वहां निर्वाचित समितियों को कार्य करने की अनुमति दे दी गई थी। औरंगाबाद जिले के छह नगर निकायों में पहले 16 अप्रैल को चुनाव प्रस्तावित था, लेकिन स्थगन आदेश के कारण प्रक्रिया रुक गई थी। अब नए आदेश के बाद सभी की निगाहें डीएम द्वारा घोषित की जाने वाली नई तिथियों पर टिकी हैं। जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद नगर परिषद में सशक्त स्थाई समिति के पांच सदस्यों का चुनाव होना है। वहीं दाउदनगर नगर परिषद में तीन सदस्य चुने जाएंगे। इसके अलावा रफीगंज, नवीनगर, देव और बारुण नगर पंचायतों में भी तीन-तीन सदस्यों का निर्वाचन कराया जाएगा। नया आदेश जारी होते ही संभावित उम्मीदवार सक्रिय हो गए हैं। पार्षदों को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए लगातार बैठकों, व्यक्तिगत संपर्क और रणनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कुछ दावेदार अपने पुराने कार्यों को आधार बनाकर समर्थन जुटा रहे हैं, तो कुछ विकास योजनाओं और नए वादों के सहारे चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।

# चोरों के आतंक से परेशान हसपुरावासी

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। प्रतिदिन कहीं ना कहीं से चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। सोमवार की रात हसपुरा बाजार के करकट व्यापारी शंकर प्रसाद के ब्लॉक रोड स्थित मछली मंडी के पास नवनिर्मित मकान से मोटर चोरी कर लिया गया। पीड़ित नें हसपुरा थाना में दिए आवेदन में बताया कि अज्ञात चोरों ने बांस के सहारे छत पर चढ़कर अंदर घर में घुस मोटर चुरा ले गया। बताया कि इससे पहले भी उनके घर से दो बार मोटर चोरी हो चुकी है,जिसकी खोजबीन उन्होंने अपने स्तर से किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। हसपुरा व्यवसाई संघ ने रात्रि में गश्ती ओर बढ़ाने की हसपुरा पुलिस प्रशासन से मांग की है।

# रफीगंज में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रविवार को रफीगंज में 'उषा फिटनेस जिम' के संचालक प्रकाश कुमार द्वारा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उषा देवी (माता) प्रकाश कुमार एवं रामाधार सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न वजन वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। 55 किलोग्राम वर्ग में अरुण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सोनू कुमार द्वितीय, अमित कुमार तृतीय, कमल कुमार चतुर्थ तथा रंजीत कुमार पांचवें स्थान पर रहे। 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिंस कुमार ने पहला स्थान हासिल किया। मोहम्मद नाजिश दूसरे, अंकित कुमार तीसरे, अरमान आलम चौथे एवं रोहित कुमार पाँचवें स्थान पर रहे। 65 किलोग्राम वर्ग में रवि कुमार प्रथम, धीरज कुमार द्वितीय तथा अब्दुल कादिर खान



तृतीय स्थान पर रहे। 70 किलोग्राम वर्ग में सुमित कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि छोटू कुमार दूसरे एवं प्रियांशु कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 75 किलोग्राम वर्ग में चन्द्रशेखर कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। सौरभ कुमार द्वितीय एवं अभिनव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 80 किलोग्राम वर्ग में आदित्य प्रकाश प्रथम एवं मंजय कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। 85 किलोग्राम वर्ग में कन्हैया कुमार ने पहला तथा आतिश कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम में "चैंपियन ऑफ चैम्पियन" एवं मेन्स फिजिक का खिताब चन्द्रशेखर कुमार ने अपने नाम किया, जबकि बॉडी बिल्डिंग का ओवरऑल खिताब सुमित कुमार को मिला। प्रतियोगिता में 'उषा फिटनेस जिम' के 10 सदस्यों ने मेडल जीतकर अपने जिम का परचम लहराया।

# रफीगंज में सहयोग शिविर आयोजित, सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। "विकसित भारत समृद्ध बिहार" अभियान के तहत रफीगंज प्रखंड की चेव पंचायत एवं भेटानिया पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 22 काउंटर लगाए गए, जहां आम लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल विभाग औरंगाबाद के सहायक अभियंता कौशल कुमार, प्रखंड आपूर्ति विभाग के कार्यपालक सहायक, बिजली विभाग के एसडीओ एवं पौथु जेई रविशंकर कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक निदेशक निरंजन कुमार, पंचायती राज




विभाग के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमर कुमार, शिक्षा विभाग के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमर कुमार, राजस्व विभाग के अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, आंगनबाड़ी विभाग की महिला पर्यवेक्षक दुर्गावती कुमारी एवं जिज्ञासा कुमारी उपस्थित रही। इसके अलावा जीविका के बीपीएम संतोष कुमार, मनरेगा विभाग के तकनीकी सहायक गौतम कुमार, श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर संतोष कुमार, पेंशन विभाग की डाटा ऑपरेटर शिवानी कुमारी, बैंकिंग विभाग के डाटा ऑपरेटर नीरज कुमार, आवास विभाग के आवास पर्यवेक्षक अमित कुमार, कृषि विभाग की कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. केसरी कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह तथा लोहिया स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य योजनाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका ऑन-द-स्पॉट समाधान करने का प्रयास किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# प्राथमिक विद्यालय पड़रिया में 'तिथि भोजन' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के बैरांव पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पड़रिया में मंगलवार को 'तिथि भोजन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संकुल के मुख्य संचालक सह उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता उपस्थित हुए। तिथि भोजन के तहत स्कूली बच्चों और आगंतुक अतिथियों के लिए विशेष रूप से अत्यंत स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार किए गए थे। सभी ने एक साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया। मुख्य अतिथि विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिलता है। इससे बच्चे विद्यालय के प्रति आकर्षित होते हैं और उनकी दैनिक उपस्थिति में भी सुधार होता है। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका नम्रता सिंह ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में तिथि भोजन आयोजित करने का प्रावधान है। इसी कड़ी में विद्यालय में इसका सफल अनुपालन किया गया है।

# एक कमरे में 250 बच्चों की पढ़ाई, जर्जर भवन में चल रहा स्कूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड के ढोसिला पंचायत स्थित वाजित नीमा मध्य विद्यालय की बदहाल स्थिति अब बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों पर भारी पड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि पहली से आठवीं कक्षा तक के करीब 250 छात्र-छात्राओं को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। विद्यालय संचालन में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं। एक कमरे में सभी बच्चों की पढ़ाई होती है, जबकि दूसरे कमरे का उपयोग कार्यालय के रूप में किया जाता है। दोनों कमरे जर्जर हालत में हैं। विद्यालय की चहारदीवारी




टूटी हुई है, चापाकल खराब पड़ा है और शौचालय भी उपयोग लायक नहीं बचा है। टूटे-फूटे बेंच और भीषण गर्मी के बीच बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में मिलने वाला मध्यान्ह भोजन भी गुणवत्ताहीन होता है। बच्चों की संख्या के हिसाब से फल और अंडा वितरण में सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। कई बच्चों को अब तक किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। विद्यालय में प्रधानाध्यापिका सहित कुल चार शिक्षक पदस्थापित हैं, लेकिन पढ़ाई का जिम्मा केवल तीन शिक्षकों पर है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानाध्यापिका अक्सर विद्यालय कार्य के नाम पर बाहर रहती हैं, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है। वहीं जनवरी माह में शिक्षकों की कमी के बावजूद एक शिक्षक को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया गया।

विधायक प्रतिनिधि उमेश पासवान, राजेंद्र कुमार और अनुप कुमार ने बताया कि विद्यालय में आठवीं तक की पढ़ाई होती है, लेकिन शिक्षकों की व्यवस्था केवल पांचवीं तक के स्तर के अनुसार है। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालय विकास के नाम पर मिलने वाली राशि का कोई असर जमीन पर दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 200 लोगों के संयुक्त हस्ताक्षर से एक माह पूर्व रफीगंज बीआरसी और औरंगाबाद शिक्षा विभाग को आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि पिछले दो वर्षों से विद्यालय की स्थिति ऐसी ही बनी हुई है। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी ने कहा कि शिक्षकों की कमी को लेकर विभाग को पत्र लिखा गया है और उपलब्ध संसाधनों में बच्चों को पढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं शिक्षा पदाधिकारी अमर कुमार ने बताया कि मामले की पहले भी जांच की गई थी और अब पुनः जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सहयोग शिविरः 24 काउंटरों पर ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। विकसित भारत-समृद्ध बिहार संकल्प के तहत बिहार सरकार द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से हसपुरा प्रखंड की अहियापुर पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नव निर्मित पंचायत सरकार भवन में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। शिविर का उद्घाटन डीटीओ सुनंदा कुमारी, उपसमाहर्ता अनुप्रिया कुमारी, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी एवं सीओ कौशल्या कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। ग्रामीणों की सुविधा के लिए शिविर में हेल्प डेस्क सहित कुल 24 काउंटर लगाए गए थे। इनमें कुशल युवा योजना, बिजली विभाग, मनरेगा, जीविका,




स्वास्थ्य विभाग तथा पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल शामिल थे। अहियापुर पंचायत के मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा की देखरेख में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनका मौके पर ही त्वरित निष्पादन किया गया। इस अवसर पर यातायात डीएसपी मनोज कुमार, बिजली एसडीओ अजीत कुमार, जेई प्रकाश कुमार, पंचायत सचिव अमित कुमार, पीआरएस संजय कुमार, आवास सहायक धीरज कुमार, कार्यपालक सचिव उपेंद्र गुप्ता, जेई विकास कुमार, एकाउंटेंट अनुराग कुमार तथा मनरेगा डेटा ऑपरेटर श्रवण कुमार सहित सभी विभागों के कर्मी उपस्थित रहे। शिविर की अध्यक्षता कर रहीं डीटीओ सुनंदा कुमारी ने बताया कि अब प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर से अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# करोड़ों की लागत से बना स्कूल भवन, फिर भी छात्र पुराने कमरों में पढ़ने को मजबूर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के भेंटनिया पंचायत स्थित बराही उच्च विद्यालय का नया भवन वर्षों पहले बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन ठेकेदार और संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण आज तक छात्रों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। भवन का उद्घाटन और प्रशासनिक हस्तांतरण नहीं होने से कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा समेत कई ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर भवन तैयार किया गया, लेकिन वर्षों बीत



जाने के बाद भी उसे विद्यालय प्रशासन को सुपुर्द नहीं किया गया। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और उनके भविष्य पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भवन तैयार होने के बावजूद छात्र जर्जर और असुविधाजनक कमरों में पढ़ने को मजबूर हैं। बरसात और गर्मी के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते भवन छात्रों के लिए चालू कर दिया जाता, तो सैकड़ों बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल पाता। स्थानीय लोगों में इस मामले को लेकर काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर भवन को विद्यालय प्रबंधन को सौंपने तथा लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# जनजातीय बहुल गांवों में स्वास्थ्य शिविर व पौधारोपण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित "जन भागीदारी – सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान के अंतर्गत औरंगाबाद जिला के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत ग्राम घेउरा एवं देव प्रखंड अंतर्गत ग्राम छुछिया में विशेष चिकित्सा शिविर तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ एवं जनजातीय समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं, शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा जागरूकता गतिविधियों की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। आयोजित चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को पोषण, स्वच्छता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मौसमी बीमारियों की रोकथाम तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि जनजातीय परिवार अधिकाधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेते हुए स्वास्थ्य जांच कराई एवं जागरूकता गतिविधियों में सहभागिता निभाई।

# सार्वजनिक सूचना

''गोरखा समाज सेवा समिति'' (नि0सं0-802/2016-17) जिला-पटना नामक संस्था का निबंधित कार्यालय पता-कौशल नगर ऑफ पोलो रोड, मुर्गी फार्म रोड क्वाटर नं0-87, थाना-हवाई अड्डा, पो0-जी0पी0ओ0, वार्ड नं0-9, जिला-पटना पिन-800001 (बिहार) एवं प्रस्तावित कार्यालय पता-कमला प्रसाद यादव, ग्राम-पहाड़पुर, पो0- अनिसाबाद, थाना-गर्दनीबाग, जिला-पटना, पिन-800002 (बिहार) द्वारा संस्था के कार्यालय पता एवं कार्यकारिणी समिति में किये जा रहे परिवर्तन को अभिलिखित करने हेतु मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को नियमानुसार सभी कागजातों के साथ अनुरोध किया गया है।

बिहार सोसाईटी रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2018 के नियम 20 (ii) के आलोक में ''गोरखा समाज सेवा समिति'' (नि0सं0-802/2016-17) जिला-पटना नामक संस्था के कार्यालय पता एवं कार्यकारिणी समिति में किये जा रहे परिवर्तन को अभिलिखित किये जाने संबंधित प्रस्ताव पर यदि किसी व्यक्ति / समूह को आपत्ति हो तो संबंधित व्यक्ति / समूह लिखित रूप में अपनी आपत्ति निबंधन महानिरीक्षक, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, विकास भवन, बेलीरोड, पटना-800015 के कार्यालय में 01 माह के अंदर दर्ज करा सकता है।

# 18 प्रखंडों की 24 ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविरों का आयोजन

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम तबके के लोगों तक पहुंचाना : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय नगर**। जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निवारण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले के 18 प्रखंडों के कुल 24 ग्राम पंचायतों में प्रथम सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की पहल पर आयोजित इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों की सुनवाई करते हुए उनके त्वरित निष्पादन की दिशा में कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का 10 दिनों के भीतर निपटारा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत के लिए जिला स्तर से वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।जिले के 24 पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों की अध्यक्षता 24 वरीय पदाधिकारियों द्वारा की गई। इसी क्रम में बरौनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा देवस में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री सह प्रभारी मंत्री रामकृपाल यादव, तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा कर्मी उपस्थित रहे। पिपरा देवस पंचायत में शिविर से पूर्व विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनका ससमय निष्पादन सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण कराया। सहयोग शिविरों के प्रति प्रशासनिक प्रतिबद्धता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के प्रभारी मंत्री श्री यादव ने स्वयं तीन पंचायतों में आयोजित शिविरों में भाग लिया। उन्होंने बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत के साथ साथ तेघड़ा प्रखंड के पिढ़ौली पंचायत तथा मटिहानी प्रखंड के रामदीरी-4 पंचायत में पहुंचकर आमजन की शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।वहीं उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव कुंदन कुमार ने बेगूसराय प्रखंड के मोहनपुर पंचायत, चेरियाबरियारपुर प्रखंड के कुंभी पंचायत तथा नावकोठी प्रखंड के महेशवाड़ा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविरों में भाग लेकर शिकायतों की समीक्षा की और ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी द्वारा बरौनी प्रखंड के अमरपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर की अध्यक्षता करते हुए ग्रामीणों की शिकायतों एवं मांगों की सुनवाई की गई तथा संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।जिले में आयोजित इन सहयोग शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 2036 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 1360 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। जबकि 669 शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। प्राप्त शिकायतों के ऑफलाइन निस्तारण की कार्रवाई भी पूर्ण की जा चुकी है। सहयोग शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया गया। सामान्य प्रशासन विभाग के 156 मामलों, राजस्व विभाग के 400 मामलों तथा पेंशन एवं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 151 मामलों का निष्पादन करते हुए लाभुकों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। शिविरों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, रसीद निर्गत करने सहित विभिन्न लोक सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण शिविर के दिन ही करते हुए लाभुकों को आवश्यक सेवाएं एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।

# सहयोग शिविर में 67 आवेदन निष्पादित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नावकोठी**। महेशवाड़ा पंचायत के राजनीति जयमंगला पुस्तकालय में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार ने की। उद्योग विभाग सचिव सह बेगूसराय शिविर प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि आम लोगों की समस्या के त्वरित समाधान हेतु सहयोग शिविर का प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाना है। इसमें आनलाइन तथा ऑफलाइन आवेदन लिया जाएगा। प्राप्त आवेदन को एक सप्ताह के अंदर निष्पादन किया जाना है। यदि निष्पादन योग्य आवेदन नहीं है तो इसका उचित कारण बताते हुए आवेदक को सूचना दे दी जाएगी। उन्होंने गीता देवी, चंदन भगत, मालती देवी को वास गीत पर्चा, सुभद्रा देवी, राम वृक्ष पंडित, रामानुज झा, विनय पंडित को नया राशन कार्ड, सिद्धांश महराज, धर्मवीर कुमार, पिंकी देवी, जीवछी देवी, सुनीता देवी सहित 14 व्यक्तियों को जन्म प्रमाण पत्र, नीतू कुमारी को मृत्यु प्रमाण पत्र, इसमें पूर्व से आनलाइन 73 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदन में से 67 आवेदन का निष्पादन शिविर के पूर्व ही कर दिया गया है, एवं 6 आवेदन लंबित रह गया है। जिसमें समाज कल्याण विभाग का 2 आवेदन , राजस्व एवं भूमि सुधार के 18 आवेदन, योजना एवं विकास विभाग के 5 आवेदन, पंचायती राज विभाग के 21 आवेदन, आरटीपीएस के 14 आवेदन, विद्युत विभाग का 1 आवेदन, ग्रामीण विकास विभाग का 7 आवेदन, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का कुल 5 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किए गए। इस तरह से कुल 73 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें विभिन्न विभाग के 67 आवेदन का निष्पादन हो चुका है। राजस्व विभाग में पर्चा हेतु 7 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4 विवादित रहने के लिए निष्पादित नहीं किया गया। विद्युत विभाग का एक मात्र आवेदन बभनगामा का प्रभाकर महतो का क्षतिग्रस्त बिजली पोल बदलने का था, जिसे विभाग ने तत्परता से कर दिया। विभिन्न विभाग के आज के शिविर में नए 34 आवेदन प्राप्त किया गया है। इसमें सड़क दुर्घटना मुआवजा के 1 आवेदन, रास्ते के लिए चार आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन बाधित रहने के 6 आवेदन, विद्युत विभाग से संबंधित एक आवेदन आदि मिले है। प्राप्त आवेदन को संबंधित विभाग को भेजकर एक सप्ताह के अंदर निष्पादन कर अगले शिविर में आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी आवेदक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी आकाश कुमार, बीडीओ राहुल रंजन, सीओ सूरज कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, बीएओ रौशन कुमार, एम ओ मनोज कुमार, एलईओ मेघा वर्मा, सीडीपीओ रश्मि कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, थाना अध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस, बीपीआरओ जितेंद्र कुमार, बीपीएम मनोरंजन कुमार,पशु


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–05–26, दिनांक 14.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा क्रमांक **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–05–26** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में एईएन/कटवा और एईएन/आजिमगंज के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा 09 लेवल क्रॉसिंग गेटों (3/सी/ई, 21/1/सी/ई, 17/सी/ई, 24ए/4(ई), 24ए/टी, 26/1/1(ई), 21/सी/ई, 16/सी/ई और 24ए/12 (ई) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,52,25,308.18, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,04,500/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 22.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-80/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# दान की जमीन पर खेती का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय नगर**। जिला रेड क्रॉस सोसायटी को मटिहानी प्रखण्ड के मनियप्पा गांव मे 45 वर्ष पूर्व जच्चा-बच्चा अस्पताल निर्माण के उद्देश्य से दान की गई जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।भूमिदाता परिवार के सदस्य एवं आईएमए सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह ने जिला प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि अस्पताल निर्माण के बजाय वर्षों तक दान की गई जमीन का उपयोग खेती के लिए किया जाता रहा तथा दानपत्र की प्रति मांगने पर उन्हें लगातार प्रताड़ित, अपमानित और बदनाम किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 1982 में उनके दादा स्वर्गीय रामचंदर सिंह, लगिना देवी एवं सरस्वती देवी ने जिला रेड क्रॉस सोसायटी को "मेटरनिटी कम चाइल्ड वेलफेयर सेंटर" अर्थात जच्चा-बच्चा अस्पताल निर्माण हेतु जमीन दान की थी। उन्होंने बताया कि इस दान के पीछे एक अत्यंत भावुक और मानवीय कारण था। आजादी से पूर्व चिकित्सा सुविधा के अभाव में स्व. रामचंदर सिंह के दो मासूम पुत्रों की मृत्यु हो गई थी। इस पीड़ा से व्यथित होकर उन्होंने संकल्प लिया था कि भविष्य में किसी अन्य परिवार को इलाज के अभाव में अपने बच्चों को न खोना पड़े। इसी उद्देश्य से उन्होंने अस्पताल निर्माण के लिए अपनी जमीन दान कर दी।डॉ पंकज सिंह ने आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि 6 नवंबर 1982 को विधिवत रूप से यह दान किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष डॉ नलिनी रंजन सिंह ने लगभग तीन वर्षों तक साजिशन दानपत्र की प्रति उपलब्ध नहीं होने दी। बाद में तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा 4 नवंबर 2025 को दानपत्र की कॉपी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डॉ नलिनी रंजन सिंह द्वारा उन्हें बदनाम करने और संयुक्त परिवार में विवाद उत्पन्न करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से गलत जानकारी फैलाई गई। डॉ पंकज सिंह के अनुसार यह प्रचारित किया गया कि जमीन का दान वर्ष 1980 में कामदेव सिंह द्वारा किया गया था।जबकि कामदेव सिंह का निधन 18 अप्रैल 1980 को ही हो चुका था। उन्होंने कहा कि संबंधित जमीन स्व. रामचंदर सिंह ने 3 सितंबर 1980 को खरीदी थी और उसके बाद 6 नवंबर 1982 को रेड क्रॉस को दान की गई। डॉ पंकज सिंह ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अस्पताल निर्माण को पूरा करने और संस्था में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई, तभी से उन्हें लगातार गाली-गलौज, सोशल मीडिया पर चरित्र हनन, सार्वजनिक अपमान और धमकियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि 1 सितंबर 2025 को जिलाधिकारी कार्यालय में भी उन्हें अपमानित कराया गया।उन्होंने बताया कि 25 सितंबर 2025 को तत्कालीन जिलाधिकारी ने इस अस्पताल के लिए 8 करोड़ रुपये आवंटित कर इसे सदर अस्पताल के समान आधुनिक एवं भव्य बनाने की घोषणा की थी। इस निर्णय के लिए उन्होंने जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापन भी सौंपा था। डॉ पंकज के अनुसार उस धन्यवाद ज्ञापन में रेड क्रॉस उपाध्यक्ष का कोई उल्लेख नहीं था, जिसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर चेतावनी और धमकी भरे संदेश भेजे गए। लगातार हो रही कथित बदनामी, गाली-गलौज और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर डॉ पंकज कुमार सिंह ने अक्टूबर 2025 में मानहानि का मुकदमा दायर किया। उन्होंने प्रशासन से अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।प्रेस वार्ता में डॉ पंकज सिंह ने कई मांगें भी रखीं। उन्होंने कहा कि 45 वर्षों से अधूरा पड़े जच्चा-बच्चा अस्पताल का निर्माण शीघ्र पूरा कर इसे हाई-टेक चिकित्सा केंद्र बनाया जाए। साथ ही रेड क्रॉस संस्था में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराए जाएं, दानदाता परिवार को उचित सम्मान मिले तथा दानदाता परिवार के सदस्य को संस्था में कार्यकारी अधिकारों के साथ स्थायी प्रतिनिधित्व दिया जाए। इस पूरे मामले में रेड क्रॉस उपाध्यक्ष डॉ नलिनी रंजन सिंह का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# प्रखंड सह अंचल भवन निर्माण कार्य में विलंब से आक्रोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी**। प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य संवेदक की उदासीनता से प्रारंभ नहीं हुआ है। बता दें कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन तथा पदाधिकारी व कर्मचारियों के आवास का निर्माण 32 करोड़ रुपए की लागत से होना है। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने 26 मार्च को इस निर्माण कार्य का ले आउट, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता भवन निर्माण की उपस्थिति में कराया था। इसके निर्माण में गति प्रदान करने के लिए भवन निर्माण के सभी पदाधिकारी संवेदक की उपस्थिति में पुनः निर्माण परिसर में प्रस्तावित नक्शे के आधार पर भूमि पर चूना गिराकर चिह्नित किया गया था। संवेदक जिधर आवासीय परिसर का निर्माण किया जाना था, उस भूमि पर बने पुराना थाना भवन तथा आसपास बने भवन को गिराकर कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया की शुरुआत दिखाकर आगे का काम बंद कर दिया है। धराशायी भवन के ईट तथा मलबे को भी हटाना मुनासिब नहीं समझा गया। जिससे आम लोगों में आक्रोश है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण हेतु सामुदायिक भवन में संचालित प्रखंड कार्यालय तथा अन्य कार्यालय को खाली कराकर किसान भवन में सिफ्ट कर दिया गया है ताकि निर्बाध गति से भवन निर्माण कार्य ससमय पूर्ण हो सके। ले आउट हुए दो महीने होने को है, पर कार्यालय भवन निर्माण हेतु एक ईट भी जोड़ा नही गया है। जबकि अनुबंध के मुताबिक इसे डेढ़ साल में पूर्ण कर विभाग को सुपुर्द भी करना है। अगले महीने मानसून प्रारंभ हो जाएगा, ऐसी स्थिति में निर्माण कार्य बाधित भी हो जाएगा। बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि संवेदक से न कोई संपर्क है, न ही कोई उसका प्रतिनिधि प्रखंड कार्यालय आया है। संवेदक के कार्य के प्रति उदासीनता की मार हम लोगों को झेलनी पड रही है। स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने बताया कि बखरी, गढ़पुरा और नावकोठी का प्रखंड सह अंचल भवन निर्माण कार्य एक साथ ही बनने को आया था। जहां बखरी और गढ़पुरा का धरातल से ऊपर कार्य दिख रहा है लेकिन नावकोठी में एक ईट भी नहीं जोड़ा गया है। यह संवेदक की उदासीनता का परिचायक है। हम जिला पदाधिकारी से इस भवन निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने की मांग करते हैं।

# प्रखंड के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अन्नप्राशन कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी**। प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मंगलवार को अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्रों की अभिभावक महिलाएं एवं धातृ माता अपने साथ छह माह से ऊपर एवं दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। कुपोषण एवं शरीर के सर्वांगीण विकास के लिए छह माह के बाद बच्चों को ऊपरी आहार देने की आदत डालने के उद्देश्य से बच्चों का मुंह जुट्ठी कराया गया। केन्द्र पर अनाज और मौसमी सब्जी, साग, फूल एवं फलों का रंगोली एवं आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। अन्नप्राशन कार्यक्रम का एल एस शालिनी कुमारी, कृष्णा कुमारी सुनीता कुमारी, हेमलता कुमारी ने अपने अपने सेक्टर क्षेत्र के केंद्रों का अनुश्रवण किया। नावकोठी केन्द्र संख्या 43, समसा आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 72, विष्णुपुर के केंद्र संख्या 70, महेशवाड़ा केन्द्र संख्या 4, केंद्र संख्या - 100, केंद्र संख्या -7 सहित अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित एल एस शालिनी कुमारी ने बताया कि बच्चों को छह माह तक सिर्फ मां का ही दूध देना चाहिए। छः महीने के बाद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऊपरी आहार आवश्यक है।

# जीवन ज्योति अस्पताल, एनटीपीसी कहलगांव में सर्पदंश पीड़िता की बचाई गई जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर**। कहलगांव स्थित एनटीपीसी के जीवन ज्योति अस्पताल में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता से सर्पदंश की शिकार एक युवती की जान बचा ली गई। लालूकिट्टा गांव की युवती को सोमवार देर रात गंभीर अवस्था में अस्पताल के आकस्मिक विभाग में लाया गया। उस समय उसकी नाड़ी महसूस नहीं हो रही थी और श्वास की गतिविधि लगभग बंद थी। ड्यूटी पर मौजूद निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. बबीता तथा आकस्मिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयेंद्र ने तुरंत उपचार शुरू किया। मरीज का इंट्यूबेशन कर ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ कृत्रिम श्वसन दिया गया तथा एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) की 25 वायल दी गई। उपचार के बाद युवती की हालत में सुधार होने लगा और रात करीब दो बजे उसे सफलतापूर्वक एक्सट्यूबेट कर दिया गया।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कांत चौधरी ने लोगों से सर्पदंश की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचने की अपील की है।


**बिहार सरकार**

**जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि सभी वाहन स्वामी अपने वाहन में HSRP Affixed करा लें तथा जिन वाहन स्वामियों के वाहन में HSRP Affixed है, परन्तु उन्हे HSRP लगाने हेतु NIC से SMS प्राप्त हो रहे है, वे जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद में सम्पर्क कर अपने HSRP Affixation का डाटा अनिवार्य रूप से अपडेट करा लें।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
औरंगाबाद।

PR. No. 003618 (Transport) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


# 'सहयोग शिविर' की शुरूआत से पंचायत स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान को मिली रफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना/बेगूसराय**। बिहार सरकार द्वारा सात निश्चय योजना-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान, जीवन आसान" संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से राज्यभर में "सहयोग शिविर" पहल की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य पंचायत स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में उद्योग विभाग के सचिव सह बेगूसराय के प्रभारी सचिव कुंदन कुमार ने जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने नावकोठी प्रखंड के मोहानपुर पंचायत तथा चेरिया बरियारपुर प्रखंड के कुम्भी पंचायत में आयोजित शिविरों का जायजा लेते हुए शिकायतों के निष्पादन प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, अब तक बेगूसराय जिले की 24 ग्राम पंचायतों से कुल 2,036 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1,360 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 669 शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। इसके अतिरिक्त, शिविरों में प्राप्त सभी ऑफलाइन शिकायतों का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया है। पहले दिन चेरिया बरियारपुर प्रखंड के कुम्भी पंचायत में 164 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 142 का निष्पादन किया गया। वहीं नावकोठी प्रखंड के महेशवारा पंचायत में प्राप्त 160 आवेदनों में से 139 तथा मोहानपुर पंचायत में प्राप्त 154 आवेदनों में से 135 मामलों का समाधान किया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सभी पंचायतों में "सहयोग शिविर" आयोजित किए जाएंगे। साथ ही "सहयोग पोर्टल" के माध्यम से नागरिक ऑनलाइन आवेदन कर अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अनुरोध दर्ज करा सकेंगे। सरकार की यह पहल पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## 2 जून को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर

**बारून (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। बारून प्रखंड अंतर्गत पिपरा एवं धनगाईं पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत पड़रावां एवं खैरा बिन्द पंचायत, देव प्रखंड अंतर्गत पवई एवं खरकनी पंचायत, मदनपुर प्रखंड अंतर्गत पिपरौरा एवं वार पंचायत, रफीगंज प्रखंड अंतर्गत पौथु, इटार, लट्टा एवं कजपा पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत भरौंधा, कर्मा बसंतपुर, डुमरा एवं घेउरा पंचायत, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत महुआंव एवं अंकोरहा पंचायत, ओबरा प्रखंड अंतर्गत तेजपुरा एवं डिहरा पंचायत, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत शमशेर नगर एवं अरई पंचायत, गोह प्रखंड अंतर्गत हथियारा, बनतारा, अमारी एवं तेयाप पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड अंतर्गत पीरु एवं पुरहरा पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इस पहल का लाभ मिल सके।

## डिग्री महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक ने दिया योगदान

**नावकोठी/नबिटा ब्यूरो**। प्रखण्ड के डिग्री महाविद्यालय में मंगलवार को सहायक प्राध्यापक डा मिथिलेश कुमार ने राजनीति विज्ञान के पद पर योगदान किया। प्रभारी प्राचार्य डा अंजनी कुमार ने प्राध्यापक डा मिथिलेश कुमार को मनोयोग से काम करने तथा क्षेत्र को उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने के संकल्प को दोहराया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकहा ररिऔना के प्रधानाध्यापक सरोज कुमार अपने सहयोगी शिक्षक मिथिलेश राम, मनीष कुमार, दर्शन कुमार, अवनीश कुमार, अभिमन्यु कुमार, राकेश कुमार, विनय कुमार के साथ उपस्थित छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर डॉ मिथिलेश कुमार और प्राचार्य अंजनी कुमार का स्वागत किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अभिनंदन किया। ग्रामीण हरि नंदन यादव, सुनील कुमार, वंशराज यादव, जगदीश महाराज आदि ने सहायक प्राध्यापक के योगदान पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सत्र में डिग्री की पढ़ाई शुरू होने की संभावना अब बन गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार की बिजली जरूरतों...

रहा है। इस वर्ष अभियान के अंतर्गत बारून एवं नबीनगर प्रखंड के सरकारी विद्यालयों से चयनित 60 छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिसमें गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि विषय शामिल होंगे। नियमित शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को कराटे, योग, कंप्यूटर एवं अन्य प्रशिक्षण भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) अनिल कुमार टी.सी., महाप्रबंधक (परियोजना), राकेश शर्मा एवं महाप्रबंधक (ए.डी.एम.) मनोरंजन पाणिग्रही, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओंकारनाथ, जनसंपर्क कार्यपालक अतुल नाथ झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### नोएडा की तर्ज पर...

का काम किया, अब सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर फोकस कर रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मामूली बीमारी में मरीजों को रेफर करने की प्रवृत्ति खत्म करनी होगी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक ऐसी व्यवस्था विकसित की जाएगी जिससे अनुमंडल और जिला अस्पतालों में ही अधिकांश मरीजों का इलाज संभव हो सके। अनावश्यक रेफर करने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई की जाएगी।


**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**

ई–मेल- msbspcb-bih@gov.in,
वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

बिहार सरकार

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स एम०आर० इन्टरप्राईजेज, प्रो०– आलोक कुमार शौंडिक, पिताः श्री रोहित कुमार शौंडिक, पताः कमला निवास, रोड नं०–03एच०, बजरंगपूरी कॉलोनी, नियर माँ कमला डिजिटल सेन्टर गे घाट, गुलजारबाग, पटना–800007 द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन 15B बालू घाट, मौजा–(डीहरा) नवनेर, पोस्ट+थाना–ओबरा, ब्लॉक–ओबरा, जिला–औरंगाबाद, राज्य–बिहार में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी है तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालकसार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है। परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया है:–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 30.06.2026 | अपराह्न 12:30 बजे | ओबरा, जिला–औरंगाबाद | (डीहरा) नवनेर | औरंगाबाद सोन–15B बालू घाट | प्रखंड कार्यालय, ओबरा, जिला–औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।

PR- 003691 ( B & C ) 2026-27

सदस्य सचिव

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# सनकी पति ने की पत्नी सहित तीन मासूमों की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिला के पतोर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदन पट्टी गांव में एक सिरफिरे पति ने अपनी पत्नी और तीन बच्चे की पीट-पीट कर हत्या कर दी है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित युवक ने स्वयं को भी जख्मी कर लिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दरभंगा जिले के पतोर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदनपट्टी गांव में मंगलवार की सुबह घरेलू विवाद ने भयावह रूप ले लिया। एक सनकी युवक ने अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित युवक ने खुद को भी घायल कर लिया।

घटना मंगलवार सुबह करीब सात बजे की बताई जा रही है। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के दालकोला जिला अंतर्गत कुंडी थाना क्षेत्र निवासी संदीप दास की पत्नी फूल कुमारी दास (30), पुत्र ह्रदय दास (7), पुत्री संध्या दास (6) तथा पुत्र सोन दास (5) के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि संदीप दास अपनी पत्नी और बच्चों के साथ चंदनपट्टी स्थित एक मुर्गा फार्म में मजदूरी करता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अहले सुबह विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर संदीप ने डंडा और लोहे की रॉड से पत्नी और बच्चों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में फूल कुमारी और दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को पुलिस ने घटनास्थल से जीवित बरामद कर इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया। जहाँ इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी।।

घटना के बाद आरोपित संदीप दास ने खुद को भी घायल कर लिया। उसे पुलिस ने इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीए में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

मृतका फूलकुमारी दास के भाई मंगू दास ने बताया कि वह संदीप दास के साथ सुबह तीन बजे मुर्गा फार्म से मुर्गियों को दान देकर सोने के लिए घर गया और फिर 5:00 बजे उठकर गाय दुहने चला गया था। 7:00 बजे के करीब जब वह मुर्गा फार्म पर आया तो उसकी भाभी ने बताया कि जल्दी से घर पर आइए, घर जाकर देखा तो यह घटना घट चुकी थी। उन्होंने बताया कि किसी बात को लेकर घरेलू विवाद के बाद संदीप ने पूरे परिवार पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पतोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची फिर मृतकों एवं जख्मी युवक और उसके एक बेटे को अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान बेटे की भी मौत हो गई। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। वही हत्यारा पति का इलाज अभी भी डीएमसीएच में चल रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कारतूस व मोबाईल के साथ दो नाबालिग पकड़ाये, बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** नवादा थाना पुलिस द्वारा अवैध कारतूस व मोबाइल के साथ दो नाबालिक को पकड़ा गया। दोनों नाबालिग थाना क्षेत्र के धोबी घटवा बैंक कॉलोनी के पास से पकड़े गए। दोनों नाबालिग उदवंतनगर थाना क्षेत्र के निवासी है।

तलाशी के दौरान उनके पास से नौ कारतूस एवं दो मोबाइल बरामद किया गया। इसके अलावे उनके पास रहे बाइक को जब्त कर लिया गया।

बताया जाता है कि नवादा थाना पुलिस वाहन चेकिंग के क्रम में जब थाना क्षेत्र के धोबी घटवा बैंक कॉलोनी के पास पहुंची। तभी एक बाइक पर सवार दो नाबालिग को वाहन चेकिंग के लिए रोका गया। इस दौरान जब उनके शरीर की तलाशी ली गई तो उनके पास से नौ कारतूस एवं दो मोबाइल बरामद हुआ। इसके पश्चात नवादा थाना में पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट प्राथमिकी दर्ज की है।

# अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : प्रभारी मंत्री



## कोईलवर की चार पंचायतों में लगा सहयोग शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा/कोईलवर।** भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत राजापुर सहित दौलतपुर, खेसरहियां, चंदा पंचायत में सोमवार को प्रशासन एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से ह्लसहयोग शिविरह्व का आयोजन किया गया। राजापुर शिविर का शुभारंभ बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव-गांव तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित कर आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला पदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक भोजपुर सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, श्रम संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, कृषि, विद्युत एवं पेयजल विभाग सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे। यहां लोगों की शिकायतें एवं आवेदन लिए गए, साथ ही कई सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का निष्पादन कर लोगों को राहत प्रदान की। मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि सहयोग शिविर सरकार और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री एवं अन्य अधिकारियों ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और आमजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा लोगों को पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराई जाए।

इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वास पर्चा, राशन कार्ड सहित कई स्वीकृति पत्र एवं लाभ संबंधी दस्तावेजों का वितरण भी किया गया। लाभुकों ने सरकार की योजनाओं से जुड़कर खुशी व्यक्त की और प्रशासनिक पहल की सराहना की।भूमि विवाद से संबंधित मामलों के समाधान के लिए संबंधित थाना एवं अंचल कार्यालय के पदाधिकारी भी शिविर में मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने अपनी भूमि संबंधी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि ह्लसहयोग शिविरह्व का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को सीधे आमजन से जोड़ना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का डिजिटाइजेशन कर 100 प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को पारदर्शी एवं प्रभावी सेवा मिल सके। शिविर के दौरान स्थानीय ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याएं रखीं और मौके पर समाधान मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

# सहयोग शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़

## 401 शिकायतों में 228 का आन स्पाट निष्पादन

### लंबित मामलों का भी त्वरित होगा निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** प्रशासन द्वारा संचालित समाधान आधारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड की चार पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रसौन्डा, सुहियां, बरिसवन तथा दामोदरपुर पंचायत में किया गया। शिविरों में कुल 401 विभिन्न प्रकार के शिकायतों से जुड़ी आवेदन प्राप्त हुए। बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह ने कहा कि 228 शिकायतों को आन द स्पाट निष्पादित कर दिया गया जबकि 173 आवेदन लंबित है जिसके निष्पादन के लिए कारवाई की जा रही है। शिविरो में लोगों की समस्याओं के निष्पादन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों की तैनाती की गई। प्रत्येक शिविर में एक जिला स्तरीय एवं एक प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं संबंधित पंचायतों के सरकारी कर्मी, विकास मित्र, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, टोला सेवक एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे। शिविर में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को ऑनलाइन सहयोग पोर्टल पर दर्ज कराया। जबकि कई लोगों ने आफलाइन आवेदन भी जमा किए। बाद में कार्यपालक सहायकों द्वारा इन आवेदनों को सहयोग पोर्टल पर अपलोड किया गया।शिविर में जिला परिषद सदस्य, मुखिया, सरपंच एवं वार्ड सदस्य भी उपस्थित रहे और लोगों की समस्याओं के समाधान में सहयोग किया।

# ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत, घर में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के पूरब साइड अप लाइन पर सोमवार की रात ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ की मौत हो गई। हादसे में मृतक का शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के जज बाजार मेन रोड निवासी स्व. विनोद प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र मंटू प्रसाद है। वह पंजाब में स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर, मृतक के चाचा उमेश कुमार ने बताया कि वह कुछ दिन पूर्व पंजाब से वापस गांव आया था और शुक्रवार की रात हुआ वापस पंजाब जाने वाला था। सोमवार की शाम उसकी पत्नी ने बोला कि पहले बैंक से पैसा निकाल कर ले आओ। जिसके बाद वह बैंक निकाल कर घर आया और अपनी पत्नी को दो हजार रुपये दिया। इसके बाद वह पंजाब जाने का टिकट लेने के लिए घर से निकला था। इसी बीच यह घटना घट गई। देर रात जब उसकी पत्नी अपनी बच्ची के साथ उन्हें खोजने निकली। तभी बिहिया स्टेशन पर रेल पुलिस ने मोबाइल में उसकी फोटो दिखाई। जिसके बाद पत्नी ने शव की पहचान की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी आशा देवी एवं एक पुत्री अलीशा कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। उसकी पत्नी आशा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मारपीट मामले में किशोर समेत दो जख्मी

**आरा।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए मारपीट में किशोर समेत दो लोग घायल हो गए। जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। पहली घटना क्षेत्र के रूदलपुर गांव की है। जहां पूर्व के विवाद में एक युवक की पिटाई कर दी गई। जख्मी पवना थाना क्षेत्र के रुदलपुर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह का 32 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार है। दूसरी घटना टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ले की है। जहां मंगलवार की दोपहर मामूली विवाद में एक किशोर की पिटाई कर दी गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ला निवासी ब्रजेश प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार है।

## करंट से महिला घायल

**आरा।** नवानगर गांव में करंट चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार घायल महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नवानगर गांव निवासी सुधीर महतो की पत्नी संगीता देवी है। इधर, घायल महिला के परिजन ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह छत पर कपड़ा डालने गई थी। इस दौरान कपड़ा छत से सटकर गुजर रहे विद्युत प्रवाहित तार में स्पर्श कर गया। जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।

# पीरो की पांच पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरो।** सबका सम्मान-जीवन आसान निश्चय के तहत आमजन की समस्याओं व शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए पीरो प्रखंड अंतर्गत नारायणपुर, जमुआंव, जितौरा जंगल महाल, सुखरौली व लहठान पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। लहठान पंचायत स्थित रामचंद्र प्लस टू विद्यालय सभागार में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य लोगों की समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निष्पादन कर उनके जीवन को आसान व सुविधा संपन्न बनाना है। लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पडे इस बात को ध्यान में रखकर प्रत्येक महीने के पहले व तीसरे मंगलवार को बारी- बारी से सभी पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। मंगलवार को लहठान में आयोजित सहयोग शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दाखिल खारिज, परिमार्जन, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, सड़क, बिजली, सिंचाई सहित कई अन्य विषयों से संबंधित 50 से भी अधिक मामले आए। इनमें से कई मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया गया। इसी तरह जितौरा जंगल महाल पंचायत के रामदिहल सिंह यादव प्लस टू विद्यालय में आयोजित सहयोग शिविर में लगभग




60 मामले सुनवाई के लिए आए। यहां मौजूद पदाधिकारी व कर्मियों ने जन सुनवाई के लिए आए मामलों को गंभीरता से सुना व निष्पादन योग्य मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया। नारायणपुर पंचायत के मध्य विद्यालय नारायणपुर, सुखरौली के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचनथ व जमुआंव पंचायत स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय जमुआंव में विधिवत सहयोग शिविर आयोजित किया गया। जहां सैकडों मामलों की सुनवाई की गई। प्रखंड पदाधिकारी अशोक कुमार के अनुसार इन पांचों पंचायतों में पहले से ही 361 मामले पंजीकृत किए गए थे। जबकि शिविर में भी बहुत से लोग अपनी समस्या व शिकायतें लेकर पहुंचे थे। सहयोग शिविर में संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव, आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक सहित पंचायत स्तर के दूसरे पदाधिकारी, कर्मी, मुखिया व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** बिहार सरकार ने आम लोगों की समस्या के समाधान के लिए पंचायत स्तर पर पहल की जा रही है।इसी को लेकर मंगलवार के दिन प्रखंड के अरियावां पंचायत के पंचायत सरकार भवन अरियावां एवं खजुरा पंचायत के सामुदायिक भवन दलदलीचक में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच अपनी-अपनी समस्याओं को रखा।मौके पर हिलसा एसडीओ अमित कुमार पटेल ने शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब आप लोगो को किसी भी कार्य को लेकर पंचायत से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।पंचायत में लगने वाले सहयोग शिविर में आकर अपनी समस्याओं का तुरंत समाधान पाए। इस मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, सीओ सत्येंद्र कुमार, अरियावां पंचायत के मुखिया रूदल प्रसाद,खजुरा पंचायत के मुखिया महेंद्र सिंह,आवास पर्यवेक्षक आलोक कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रभारी मंत्री सेतु के समान : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री सह प्रभारी मंत्री ने नीतिश मिश्रा ने आज यहां कहा कि राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ दिलाने के लिए प्रभारी मंत्री एक अभिभावक के रुप में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और सरकार के बीच सेतु का कार्य करता है। उन्होंने मंगलवार को जिले के सबौर प्रखंड के ममलखा गांव में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित सहयोग शिविर में आये लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में जन शिकायत निवारण की दिशा में राज्य सरकार एक प्रभावी कदम उठा रही है। जिससे लोगों को उनके समस्या के निराकरण का लाभ अवश्य मिलेगा।

श्री मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2005 में बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसके बाद राज्य में विकास की नई शुरूआत हुई और आज जो बेटियों के चेहरे पर आत्मविश्वास दिखाई देता है वह उसी का परिणाम है। वे उसी समय से सरकार में शामिल रहे हैं और पिछले 20 वर्षों में बिहार में हुए बदलाव को उन्होंने स्वयं देखा है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब जन शिकायतों एवं आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया को पूरी तरह तकनीक आधारित बनाया जा रहा है। यदि किसी आवेदन का निष्पादन 10 दिनों के अंदर नहीं होता है तो संबंधित पदाधिकारी को ऑनलाइन चेतावनी मिलेगी। 20 दिनों के बाद दूसरी चेतावनी, 25 दिनों के बाद अंतिम चेतावनी जारी की जाएगी तथा 30 दिनों तक आवेदन लंबित रहने पर 31वें दिन संबंधित पदाधिकारी स्वतः निलंबित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे अब किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित रखना संभव नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार जन शिकायतों के प्रति कितनी संवेदनशील है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वयं माननीय मुख्यमंत्री जी आज सोनपुर में आयोजित सहयोग शिविर में आम लोगों के बीच उपस्थित हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अजय मंडल विधायक मिथुन कुमार एवं जिला विकास कार्यान्वयन व निगरानी समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि सरकार जन समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह गंभीर है तथा सहयोग शिविर आम लोगों के लिए एक प्रभावी मंच बनकर उभर रहा है।

जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि सहयोग शिविर से संबंधित लिंक एनआईसी के पोर्टल पर उपलब्ध है, जहां से आम नागरिक यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि किस तिथि को किस पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। आज भागलपुर के 38 पंचायतों यह आयोजित है।

उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर के लिए निर्धारित तिथि से 15 दिन पूर्व प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मी संबंधित पंचायत में पहुंचकर आवेदन प्राप्त करेंगे तथा उन्हें प्रखंड कार्यालय में जमा करेंगे। उसे पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। आम नागरिक स्वयं भी सहयोग पोर्टल पर आवेदन अपलोड कर सकते हैं।

# नई आशा द्वारा गिद्धा में दूसरा सिलाई सह पढ़ाई केंद्र शुरू

## आईओसीएल करेगा हर संभव सहयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

आरा। कोईलवर प्रखंड अंतर्गत गिद्धा महादलित टोले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नई आशा द्वारा अलका हामोर्नी फाउंडेशन के सौजन्य से दूसरे सिलाई केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र से स्थानीय महिलाओं एवं युवतियों को सिलाई प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन के डीजीएम धीरज कुमार एवं एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामीण मौजूद रहे। वक्ताओं ने शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया आईओसीएल के डीजीएम धीरज कुमार ने महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। उन्होंने बच्चों से कहा, ह्लपढ़ने की जिद करो, तो जरूर पढ़ जाओगे। महिलाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार एवं समाज को आगे बढ़ाने के लिए नशामुक्त वातावरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिता और भाइयों को शराब छोड़ने के लिए प्रेरित करें, ताकि महादलित समाज सभ्य, शिक्षित एवं सुसज्जित जीवन की ओर आगे बढ़ सके।

उन्होंने केंद्र के लिए तत्काल एक कूलर देने की घोषणा की। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टू रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना समाज के विकास की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो परिवार और समाज दोनों मजबूत होंगे। जीविका की बीपीएम अनिता कुमारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं घर बैठे रोजगार प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा तैयार किए गए कपड़ों को जीविका उचित मूल्य पर खरीदने का प्रयास करेगी, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी और बेरोजगारी दूर होगी। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि महादलित समाज के विकास का सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा और स्वरोजगार है। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि आर्थिक रूप से मजबूत होंगी तो पूरा समाज मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण केंद्र गांवों में सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुसहर टोली जैसे पिछड़े इलाकों में



महिलाओं को हुनर से जोड़ना केवल रोजगार देना नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान और आत्मविश्वास देना भी है। डॉ. भवेश ने युवाओं से शिक्षा एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि इस सिलाई केंद्र के खुलने से उन्हें रोजगार का नया अवसर मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी। मौके पर जीविका के रणधीर कुमार सिंह] आईसीएल के मुकुंद माधव एवं रजनीश सिंह, धरमू राम, जयप्रकाश दास, अमन बिहारी, संतोष कुमार सिंह आदि थे।

## टीए को प्रतिनियुक्ति करने की मांग

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी ने जिला अधिकारी को पत्र लिख प्रखंड के समस्याओं से अगवत कराते हुए जल्द से जल्द बीपीआरओ व पंचायत तकनीकी सहायक को प्रतिनियुक्ति करने का मांग किया है ताकि प्रखंड के विकास योजनाओं पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को तत्काल रोका जा सकें। जिलाधिकारी को भेजे पत्र में प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी ने कहा कि नगरनौसा प्रखण्ड में बीपीआरओ एवं तकनीकी सहायक के नहीं रहने के कारण नगरनौसा प्रखण्ड में सभी प्रकार के विकास कार्य विगत दो माह से पूर्णतः बाधित हो गए है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा पत्रांक - 391 दिनांक-07/04/2026 के माध्यम से जिला पंचायती राज नालंदा से पत्राचार कर के अनामिका कुमारी तकनीकि सहायक के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने की रिपोर्ट समर्पित करते हुए अन्य तकनीकि सहायक को नगरनौसा प्रखण्ड में प्रतिनियुक्ति के लिए अनुरोध किया गया था, लेकिन अभी तक इस संबंध में अभी तक कोई कारवाई नहीं की गई है।

# दो वाहनों से भारी मात्रा मे अवैध विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जिलापदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से दो वाहनों से भारी मात्रा में विदेशी शराब छपरा की ओर ले जाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन पर क्रमशः गीधा ओवर ब्रिज के पास, (थाना-गीधा, जिला-भोजपुर) से एक इनोवा कार (निबंधन संख्या अंकित नहीं ) से 249.600 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया, एवं कायमनगर ओवर ब्रिज के पास, (थाना-गीधा, जिला-भोजपुर) से एक मारुती स्विफ्ट डिजायर कार (निबंधन संख्या यूपी60टी-4035 ) से 259.200 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन के चालक दिलदार खान, पे०-पीर मोह्हमद, सा०-लाट सरैया अमरपुर बटलोहिया, थाना-जैतपुरा, जिला-वाराणसी, राज्य-उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहनों से 8ढट २स्पेशल व्हिस्की 180 का 720 पीस, ऑफिसर्स चॉइस ओरिजिनल व्हिस्की 180 का 1440 पीस एवं किंगफिशर एक्स्ट्रा स्पेशल स्ट्रॉन्ग बीयर 500 का 240 पीस जो की कुल 2400 पीस में 508.800 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 06 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से छपरा की और ले जाया जा रहा था। छापेमारी में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम् कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक श्राजकुमार राजा, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान सामिल थे।

# 30 दिनों में होगा प्राप्त शिकायतों का समाधान : रमा निषाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड क्षेत्र के बसडीहा स्कूल के मैदान में पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री रमा निषाद के द्वारा जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु सहयोग शिविर का शुभारंभ किया गया। राज्य सरकार द्वारा आज से शुरू किए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाकर आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इस अवसर पर सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल सहित जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने कहा कि उन्हें प्रभारी मंत्री के रूप में जिले की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के अनुरूप समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रशासनिक सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रखंड कार्यालय एवं जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था, जिससे समस्याओं के निष्पादन में विलंब होता था। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके पंचायत स्तर पर ही किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दर्ज करने की अपील करते हुए कहा कि आज प्रत्येक घर में मोबाइल उपलब्ध है और लोग अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जिससे उन्हें ऑनलाइन रसीद प्राप्त होगी तथा शिकायत की निगरानी भी की जा सकेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि 30 दिनों के भीतर शिकायतों का समाधान नहीं किया जाता है तो संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, वरीय उपसमाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, डीपीएम स्वास्थ्य मोहम्मद अनवर आलम, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मोहम्मद अफान, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## आपकी हर समस्याओं का समाधान आपके दरवाजे पर होगा : त्रिविक्रम

शिविर में सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने लोगों को इस बात का एहसास कराया कि सरकार अपने वादे के मुताबिक आपके दरवाजे पर आई है और आपकी हर समस्याओं का समाधान आपके दरवाजे पर ही होगा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का जो वादा था उसे सरकार पूरा कर रही है। अब आपको किसी भी प्रकार के प्रमाण पत्र अथवा कोई भी वैधानिक कागजात बनवाने के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा एवं सरकार के अधिकारी, कर्मचारी आपके दरवाजे पर आकर के आपकी सेवा देते रहेंगे। इस सेवा का आज शुभारंभ हुआ है और इसमें आपके सहयोग की अपेक्षा है।

# चार दिन बाद अपहृत मासूम गया से बरामद, महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा थाना क्षेत्र से अपहृत चार वर्षीय बालक आदविक परासर को पुलिस ने गया जिले से मंगलवार को सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में एक महिला रंजु देवी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अन्य मामलों में उसकी संलिप्तता की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के अनुसार 16 मई को ओबरा थाना क्षेत्र के देवी मंदिर परिसर से सुधीर प्रसाद के चार वर्षीय पुत्र आदविक परासर के गायब होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही ओबरा थाना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या-192/2026 दर्ज किया और भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला कायम कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक को तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगालने और तकनीकी माध्यमों से बच्चे की बरामदगी के निर्देश दिए। जांच में पता चला कि एक अज्ञात महिला बच्चे को लेकर अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा दूसरे स्थान पर चली गई है। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक सह दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। साथ ही औरंगाबाद पुलिस की 15 अलग-अलग टीमों को गया, कोडरमा, गोमो, धनबाद और आसनसोल तक विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भेजा गया। जांच के दौरान गया जंक्शन पर सीसीटीवी फुटेज में महिला बच्चे के साथ दिखाई दी। इसके बाद पुलिस ने डेल्हा बस स्टैंड और खरखुरा रोड इलाके के फुटेज खंगाले। फुटेज में महिला गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के पास राकेश कुमार के मकान में प्रवेश करती दिखी। गया और औरंगाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने उक्त मकान की तलाशी ली, जहां से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। वहीं महिला की पहचान रंजु देवी, उम्र 40 वर्ष, पति-रविंद्र पासवान, निवासी-दुल्हा बिगहा, थाना-कोच, वर्तमान पता-डेल्हा खरखुरा रोड, थाना-डेल्हा, जिला-गया के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# विशेष अभियान के तहत 32 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 4, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 8 तथा अन्य मामलों में 20 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 26.60 लीटर देसी शराब, एक ट्रक, एक ट्रैक्टर एवं 800 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1275 वाहनों की जांच की गई जिसमें 107000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 18 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना फ़ेसर थाना क्षेत्र के कांस देवरिया गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी सुनील राम की 30 वर्षीय पत्नी अंजू कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार महिला रेलवे ट्रैक से पैदल जा रही थी, इसी क्रम में वह अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गई जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गई और मौके पर उसकी मौत हो गई। इस दौरान महिला के चेहरा व शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जाता है महिला की शादी वर्ष 2019 में हुई थी। घटना के बाद से मृतका के 8 वर्षीय पुत्र सूरज, पति सुनील राम सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। इसके बाद उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जरूरी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दूसरी बार बसपा के जिलाध्यक्ष बने प्रेमचंद राम

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** बहुजन समाज पार्टी ने संगठन का विस्तार करते हुए प्रेम चंद राम को लगातार दूसरी बार औरंगाबाद जिला यूनिट का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने पत्र जारी कर इसकी आधिकारिक घोषणा की है। प्रेम चंद राम मूल रूप से औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम हरिहर उरदाना के निवासी हैं। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी जताई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके नेतृत्व में जिले में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। अपनी इस नियुक्ति पर प्रेम चंद राम ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उनका मुख्य लक्ष्य जिले में बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना है।

# मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद और गया जिले की सीमा पर गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत दुल्हा बिगहा सूर्य मंदिर के पास दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में कई लोग जख्मी हो गए। गया जिले के कोच थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के युवकों के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से गोह थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों में भगवानपुर गांव निवासी सीताराम पासवान एवं रामजन्म पासवान शामिल है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि दो पक्षों के बीच आपसी विवाद में मारपीट की घटना घटित हुई जिसमें दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। मामले में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

# एससी-एसटी उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंटरनेशनल नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से 'नेशनल एससी-एसटी हब उद्यमिता जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम' का आयोजन मंगलवार को सिद्धि विनायक बैंक्वेट हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों को सशक्त बनाना और उन्हें व्यावसायिक अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एनएसएसएचओ बोधगया के शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सूर्यवंशी, बीआरबीसीएल के मुख्य प्रबंधक रवि सिन्हा, एचपीसीएल के प्रबंधक विवेक कुमार, पीएनबी के एलडीएम एनकेपी चौधरी एवं डीआईसी के जनरल मैनेजर मो. अफ्फान उपस्थित रहे। उन्होंने उद्यमियों के कौशल विकास के लिए मुफ्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, सरकारी खरीद में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए जेम पोर्टल पर मुफ्त रजिस्ट्रेशन, प्लांट, मशीनरी और उपकरणों की खरीद पर 25 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता, बैंक ऋण प्रोसेसिंग शुल्क, परीक्षण शुल्क और परफॉर्मेंस बैंक गारंटी शुल्क की वापसी, एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं के प्रति जागरूकता और ई-टेंडरिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह में वक्ताओं ने बताया कि नेशनल एससी-एसटी हब के प्रयासों से अब तक 1.7 लाख से अधिक उद्यमी लाभान्वित हो चुके हैं और सरकारी खरीद में एससी-एसटी उद्यमों की भागीदारी में 37 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। कार्यक्रम में संदीप कुमार, शाबीर आज़म, रौशन कुमार, मनोज कुमार, कामरान, बड़ी संख्या में स्थानीय उद्यमियों और युवाओं ने भाग लिया।


भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA

गृह मंत्रालय भारत सरकार



जनगणना 2027 का पहला चरण

जनगणना कार्य निदेशालय बिहार

मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना

2 मई से 31 मई

एक कॉल, पूरी जानकारी

टोल-फ्री नंबर पर कॉल करें : 1855

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

CBC 19108/13/0103/2627